


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 आज होगी माँ कुष्माण्डा की पूजा | सम्पादकीय नई योजनाएं, पुराने सवाल क्या खेती | मेगा ऑक्शन नियम से खुश नहीं हैं आधी आईपीएल 5


वर्ष 11 अंक 134 E-mail: dholpur@hotmail.com फरीदाबाद, रविवार 06 अक्टूबर 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेल रही है: पीएम नरेन्द्र मोदी

आर.एन.एस.

**वाशिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र दौरे पर हैं। उन्होंने वाशिम में कई परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि हाल ही में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई है। एक कांग्रेस नेता ड्रग्स रैकेट का सरगना है। कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेलकर मिलने वाले पैसे से चुनाव लड़ना चाहती है।पीएम ने कहा कि अर्बन नक्सलियों का एक गैंग कांग्रेस चला रहा है। वे (कांग्रेस) सोचते हैं कि अगर हम सभी एकजुट हो जाएंगे, तो देश को बांटने का उनका एजेंडा फेल हो जाएगा। कांग्रेस की सोच शुरू से ही विदेशी रही है। अंग्रेजी हुकूमत की तरह कांग्रेस परिवार भी दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझता।



दरअसल, दिल्ली के महरौली में 2 अक्टूबर को 560 किलोग्राम कोकीन जब्त की गई। बाजार में इसकी कीमत करीब 5600 करोड़ है। इसका मुख्य आरोपी तुषार गोयल 2022 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। आरोपी की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर भी आरटीआई सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस लिखा हुआ है। मोदी ने वाशिम से महाराष्ट्र दौरे की शुरुआत की। उन्होंने पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और पारंपरिक ढोल बजाया। इसके बाद संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मेरे पिताश्री ने सेवाभाव के मिशन के साथ अपना जीवन जिया: ज्योतिरादित्य सिंधिया






**- जिला चिकित्सालय मुरार में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा का हुआ अनावरण**

ग्वालियर। जिला चिकित्सालय मुरार परिसर में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा का शनिवार को केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अनावरण किया। साथ ही स्व. सिंधिया की स्मृति में इस अवसर पर उन्होंने शमी का पौधा भी रोपा। कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह भी मौजूद थे। प्रतिमा का अनावरण करने के बाद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भावुक हो गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरे पूज्य पिताजी ने दल से ऊपर उठकर जन सेवा के दर्शन शास्त्र के आधार पर लोगों एवं क्षेत्र की सेवा का काम किया। उनका मानना था कि जीवन में कोई भी रास्ता चुनें, चाहे वह व्यवसाय हो, राजनीति हो या कोई अन्य काम। हमारे जीवन का लक्ष्य यह होना चाहिए कि हम कितने लोगों के जीवन में खुशियाँ ला सकते हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मेरे पिताश्री मात्र 26 साल की आयु में सांसद बन गए थे और उन्होंने सेवा भाव के मिशन के साथ अपना जीवन जिया। उन्होंने विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी वे लोगों की सेवा से पीछे नहीं हटे। सन् 1980 में पैर में फ्रैक्चर होने से वे एम्स में भर्ती थे, तभी उन्हें पता चला कि क्षेत्र में बाढ़ आई है और लोग परेशान हैं। चिकित्सकों के मना करने के बावजूद वे अपने वाहन में कंबल इत्यादि राहत सामग्री लेकर लोगों के बीच पहुँचे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भरोसा दिलाया कि ग्वालियर के उत्तरोत्तर विकास में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। **शेष पृष्ठ 6 पर....**

## भारत-बांग्लादेश के बीच टी-20 क्रिकेट मैच आज

### सिंधिया परिवार के प्रयासों से होने जा रहा है आयोजन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधव राव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में आज 06 अक्टूबर को भारत व बांग्लादेश के मध्य प्रथम टी-20 मैच खेला जायेगा। यह मैच ग्वालियर की सरज़मीं पर 14 वर्ष बाद होने जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 2010 में भारत व साउथ अफ्रीका के मध्य अंतर्राष्ट्रीय मैच हुआ था। इसके बाद कोई भी मैच ग्वालियर में नहीं हो सका है। आज रविवार के मैच के साथ ही नव निर्मित स्टेडियम का शुभारंभ होगा। उक्त क्रिकेट मैच को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह नज़र आ रहा है। भारत-बांग्लादेश के मैच को ग्वालियर में आयोजित कराने में महाआर्यमन सिंधिया की विशेष भूमिका रही है। उन्हीं के सफल प्रयासों से यह आयोजन ग्वालियर में होने जा रहा है। आयोजन की सभी टिकटें बिक चुकी हैं। लोगों को इस मैच का बहुत ही बेसब्री से इंतज़ार है। पिछले दिनों भारत ने बांग्लादेश को पाँच दिवसीय दो मैचों में पराजित करके क्लीन स्वीप किया था। बांग्लादेश चाहेगी कि टी-20 में जीत हासिल कर अपनी प्रतिष्ठा को बचाये, लेकिन भारत की टीम को देश में हराना इतना आसान नहीं है। दोनों टीमों ने पिछले दिनों अभ्यास के रूप में नेट पर काफी पसीना बहाया। शहर में सुरक्षा के माकूल प्रबंध किए गए हैं। जिन स्थानों पर दोनों टीमें ठहरी हैं वहां पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस मैच को लेकर केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया भी खासे उत्साहित नज़र आ रहे हैं। वे भी चाहते हैं कि यह मैच शानदार सफलता के साथ सम्पन्न हो तथा अंचल के लोग क्रिकेट का आनंद उठा सकें।









यहां यह बताना आवश्यक होगा कि कै. माधव राव सिंधिया को क्षेत्र के लोग विकास के मसीहा के रूप में जानते हैं। कै. सिंधिया जितनी रुचि विकास कार्यों में रखते थे उतनी ही रुचि उनकी क्रिकेट में थी। वे स्वयं क्रिकेट के एक अच्छे खिलाड़ी थे। उनके प्रयासों से अंचल के अनेक खिलाड़ी बड़े-बड़े टूर्नामेंटों में शामिल हो सके हैं। उन्होंने ग्वालियर में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में अथक प्रयास किए। ऐसा नहीं कि कै. सिंधिया ने केवल ग्वालियर में ही खेलों को बढ़ावा दिया अपितु उनके द्वारा मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, दतिया, श्योपुर क्षेत्र में भी खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर प्रदान किए गए। कै. सिंधिया ने मुरैना में प्रथम बार फ्लड लाइट में क्रिकेट मैच कराया था। जिसमें उन्होंने शानदार बल्लेबाजी भी की थी। यह मैच पुलिस परेड ग्राउण्ड पर खेला गया था। इसके साथ ही उन्होंने भिण्ड में भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। निःसंदेह उन्होंने क्षेत्र में क्रिकेट के साथ-साथ अन्य खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किए थे। यहां यह बताना भी लाज़मी होगा कि सांसदों के क्रिकेट मैच में कै. सिंधिया शानदार बल्लेबाजी करते थे। उनके सुपुत्र केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अपने कैलाशवासी पिता के पदचिन्हें पर चलते हुए अंचल में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य किया है। उनका यह कार्य आज भी जारी है। नव निर्मित स्टेडियम इस बात का सबूत है। श्रीमंत सिंधिया के प्रयासों से ही स्टेडियम का निर्माण संभव हो सका है। हम आशा कर सकते हैं कि भविष्य में भी ग्वालियर में अंतर्राष्ट्रीय मैच होंगे। इसके साथ ही आईपीएल के मैच भी ग्वालियर में हों ऐसी हमें उम्मीद है। इनके सुपुत्र महाआर्यमन सिंधिया अपने दादाजी व पिताजी के पदचिन्हें पर चलते हुए इस परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि अब ग्वालियर क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय नक्शे पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकेगा।

### 81 लाख किसानों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यक्त किया आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त राशि से प्रदेश के 81 लाख किसानों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए चलाई गई किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20 हजार करोड़ की राशि मध्यप्रदेश के किसानों के खाते अंतरित की गई।

## संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर 50% की सीमा हटाना जरूरी - राहुल गांधी

आर.एन.एस.



**कोल्हापुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर पहुंचे। यहां राहुल ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर मौजूदा 50 प्रतिशत की सीमा हटाना जरूरी है। कोल्हापुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक इस 50 फीसदी की सीमा को हटाने के लिए कानून पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि हम लोकसभा और राज्यसभा में जाति जनगणना पर कानून पारित करना सुनिश्चित करेंगे और कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि दलितों या पिछड़े वर्गों का इतिहास स्कूलों में नहीं पढ़ाया जा रहा था, उन्होंने आरोप लगाया कि अब उस इतिहास को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है।


लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि अगर आप ओबीसी समाज को देखें, जैसे ही मैंने स्वप्निल कुम्हार से हाथ मिलाया, जिन्होंने मुझे मूर्ति दी, संपर्क से ही मुझे समझ आ गया कि इस हाथ में हुनर है। जिन हाथों में हुनर होता है, लोग उन्हें पीछे बिठा देते हैं। भारत में ये 24 घंटे हो रहा है। मैंने कभी स्कूल में दलितों, पिछड़ों का इतिहास नहीं पढ़ा। आज तो इससे भी उल्टा हो रहा है, जो इतिहास है, उसे किताबों से हटा दिया जा रहा है। इतिहास के बिना, अपनी जगह और स्थान की समझ के बिना शिक्षा संभव नहीं है।

शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भाजपा की तीखी आलोचना

इससे पहले राहुल गांधी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। राहुल ने अपने संबोधन में मालवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भाजपा की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि लोगों को डराने और संविधान, संस्थाओं को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। अगर छत्रपति शिवाजी महाराज और शाहू महाराज जैसे लोग नहीं होते तो संविधान नहीं होता। राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय संविधान शिवाजी महाराज के विचारों का प्रकटीकरण है।

## एक्जिट पोल्स में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की सरकार के आसार

आर.एन.एस.




**नई दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो चुकी है। अब तक हरियाणा के 7 और जम्मू-कश्मीर के 3 एग्जिट पोल सामने आए हैं। हरियाणा के सभी 7 एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। भाजपा के 21 सीटों तक सिमटने के आसार हैं।

जम्मू-कश्मीर के 2 एग्जिट पोल में से एक में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनती दिख रही है। एक में पीडीपी सबसे बड़ी पार्टी बनती दिख रही है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है। नतीजों का ऐलान 8 अक्टूबर को होगा। दोनों राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटों पर जीत की जरूरत है।

कांग्रेस को 44 से 54 सीटें मिल सकती हैं। जाटलैंड और बांगर बेल्ट में कांग्रेस मजबूत दिख रही है। सीटों की संख्या के लिहाज से राज्य के 2 सबसे बड़े इलाकों बांगर बेल्ट और जीटी रोड एरिया में भी पार्टी 2019 के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन कर सकती है।

भाजपा को 19 से 29 सीटें मिल सकती हैं। पार्टी को सबसे ज्यादा सीटें जीटी रोड बेल्ट और साउथ हरियाणा से मिल सकती हैं। जाटलैंड वाले बांगर और देसवाल बेल्ट में भाजपा पिछड़ती नजर आ रही है। हरियाणा में तीसरे नंबर पर इनेलो-बसपा गठबंधन रह सकता है। इसे 1 से 5 सीटें मिल सकती हैं। निर्दलीय कैंडिडेट 4 से 9 सीटों पर जीत सकते हैं। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की पार्टी जजपा और आम आदमी पार्टी मुकाबले में नहीं हैं। इन्हें 1 से 2 सीटें मिल सकती हैं।

## हमने अपना धैर्य खो दिया है - सुप्रीम कोर्ट

### प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड में देरी पर कोर्ट नाराज

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवासी श्रमिकों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा राशन कार्ड मुहैया करने में देरी को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि ''हमने अपना धैर्य खो दिया है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 19 नवंबर तक इस सिलसिले में आवश्यक कदम उठाने का अंतिम मौका दिया है। पीठ ने कहा कि हमने अपना धैर्य खो दिया है, हम यह पूरी तरह से स्पष्ट कर रहे हैं कि और उदारता नहीं बरती जाएगी। न्यायालय ने कहा कि हम आपको हमारे आदेश का पालन करने के लिए एक आखिरी मौका दे रहे हैं, अन्यथा आपके सचिव को उपस्थित होना होगा।

केंद्र की ओर से पेश हुई अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ को बताया कि अंत्योदय अन्न योजना के तहत प्राथमिकता वाले प्रत्येक परिवार को केवल एक राशन कार्ड जारी किया जाता है। शीर्ष अदालत कोविड महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों को पेश आई समस्याओं और दशा का संज्ञान लेने के बाद, 2020 में दर्ज स्वतः संज्ञान वाले एक मामले की सुनवाई कर रही है।

न्यायालय ने इससे पहले, केंद्र से एक हलफनामा दाखिल कर प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड प्रदान करने और उनके लिए अन्य कल्याणकारी कदम उठाने के संबंध में 2021 के फैसले और उसके बाद के निर्देशों के अनुपालन के बारे में विवरण देने को कहा था।

शीर्ष अदालत ने 29 जून 2021 के फैसले और उसके बाद के आदेशों में प्राधिकारों को कई निर्देश जारी कर उनसे




कल्याणकारी उपाय करने को कहा था, जिसमें कोविड-19 महामारी के दौरान समस्याओं का सामना करने वाले सभी प्रवासी श्रमिकों को 'ई-श्रम' पोर्टल पर पंजीकृत राशन कार्ड देना भी शामिल है।

## नवदुर्गा में देवी उपासना कर भक्त श्रेष्ठ मार्ग प्राप्त कर सकता है: स्वामी अवधेशानंद जी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**हरिद्वार।** श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने कहा कि- शारदीय नवरात्र के तृतीय दिवस पर माँ चन्द्रघंटा की पूजा और साधना का विशेष महत्व है। माँ चन्द्रघंटा की कृपा से साधक का अंतःकरण दिव्य अनुभूतियों से भर जाता है, जो उसे अलौकिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता करता है। साधना के अनन्तर साधक को लोभ और प्रमाद मुक्त रहना चाहिए, जिससे कि वह अपने आध्यात्मिक पथ पर सत्यनिष्ठा से अग्रसर हो सके। माँ चन्द्रघंटा की उपासना से जीवन में निर्भयता, सौम्यता, विनम्रता, समृद्धि, शान्ति और वैभव की प्राप्ति होती है, जो उनके अनुग्रह का फल है..! भारत की सांस्कृतिक चेतना प्रारम्भ से ही मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान, अर्चन और वन्दन के भाव से समर्पित रही है। और इसीलिए हम सभी नवरात्रि में अपने-अपने मनोरथ सिद्धि के लिए विद्या, लक्ष्मी और शक्ति की उपासना करते हैं। यह अद्भुत परम्परा संसार में अन्यत्र कहीं भी वर्तमान नहीं है। नवरात्र के तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा की पूजा का विधान है। माँ चन्द्रघंटा भक्तों को निरोग रखकर उन्हें वैभव तथा ऐश्वर्य प्रदान करती हैं। वैचारिक शुचिता, संकल्प की शुभता व मनोवृत्तियों को साध्य से एकीकृत कर जीवन में अभयता, दिव्यता ऐश्वर्य माधुर्य की संप्राप्ति 'माँ चंद्रघंटा' की आराधना की फलश्रुति है। ध्यान तप साधना के बीच जो जीवन पुष्पित-पल्लवित होता है, उसकी आभा-ओजस्विता से सम्पूर्ण जगत आलोकित हो उठता है। कल्याणी 'माँ चंद्रघंटा' त्रैलौक्य का मंगल करें। अंतःकरण की पूर्ण सुचिता के उपरान्त प्रस्फुटित 'शुभता और दिव्यता' ही शक्ति आराधना की फलश्रुति है। इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति के रूप में जो सचराचर जगत में विद्यमान हैं, उन 'माँ पराम्बा' के आराधना का पवित्र पर्व शारदीय नवरात्री आप सभी के लिए मंगलमय हो। इन नौ दिनों और रातों मे उपवास, प्रार्थना, मौन और ध्यान के द्वारा जीव अपने सच्चे स्रोत की ओर वापस आता है। रात को रात्रि भी कहा जाता है, क्योंकि ये जीवन को फिर से उर्जित करती है। नवरात्रि तीनों स्तर पर ऊर्जा देती है। स्थूल, सूक्ष्म और कारण। उपवास शरीर को पवित्र करता है, जबकि मौन वाणी को पवित्र करते हुए व्याकुल अशान्ति मन को शान्त करता है; ध्यान एक साधक को अपने अस्तित्व की ओर ले जाता है। नवरात्रि काल आहार शुद्धि के साथ मंत्र की उपासना का काल है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड दिव्य तरंगों से भरा हुआ है। मंत्र के माध्यम से उन तरंगों को जो ब्रह्माण्ड में शक्ति और सामर्थ्य के रूप में बिखरी हुई है, उन्हें आकर्षित किया जा सकता है। जैसे रेडियो को हवा में बिखरी विशेष प्रकार की तरंगों के प्रभाव से एक विशेष फ्रीक्वेंसी से मैच कर दिया जाए तो रेडियो बजने लगता है। उसी प्रकार, इस काल की तरंगें बहुत सामर्थ्यवान है, उनके साथ एकीकृत होकर हम अप्रत्याशित परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। अतः 'शारदीय नवरात्रि' का ये काल शक्ति संचय और मंत्र उपासना का काल है। मंत्र वातावरण से सकारात्मक ऊर्जा को अवशोषित कर आपके पास लाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं।



स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने कहा कि - भारत की सांस्कृतिक चेतना के भव्य और विराट स्वरूप की अभिव्यक्ति हमारे पर्व और त्योहार हैं, जो राष्ट्रीय हर्ष, उल्लास, उमंग और उत्साह के प्रतीक हैं। ये देश, काल और परिस्थिति के अनुसार अपने रंग-रूप आकार में भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और उन्हें व्यक्त करने के ढंग भी भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, किन्तु उनका सरोकार अंततः मानवीय कल्याण, सुख और आनन्द की उपलब्धि अथवा किसी आस्था, विश्वास, परम्परा या संस्कार का संरक्षण ही होता है। इस दृष्टि से भारतीय चिन्तन अनेक संदर्भों, प्रसंगों, दृष्टांतों और प्रेरक कथाओं से समृद्ध है, जिनमें हमारी संस्कृति के सौम्य तत्वों की धरोहर विद्यमान है। यह धरोहर मानवीय मूल्यों की प्रेरक शक्ति है जो असत्य पर सत्य की और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक होती है। शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि आत्म-संयमी साधकों को आध्यात्मिक प्रेरणा देने की शक्ति का पर्व समूह है। भारतीय परम्परा में मनोयोगपूर्वक की गई शक्ति की साधना आध्यात्मिक कायाकल्प की वैज्ञानिक विधि का ही पर्याय है। इस साधना की समग्र सिद्धि इस बात पर निर्भर करती है कि साधक का मन निष्पाप हो, हृदय निष्कलंक हो और उसकी साधना मानवीय मूल्यों, आदर्शों के लिए समर्पित हो। वस्तुतः साधना का आधार आत्म-संयम ही है। मन वचन और कर्म की पवित्रता से ओतप्रोत भक्ति भाव शक्ति की उपासना को सार्थक और फलदायी बनाता है। सनातन हिन्दू धर्म में परमेश्वर की तीन महा शक्तियों यथा महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती की अर्चना और आराधना आदिकाल से ही चली आ रही है। किसी भी राष्ट्र की सर्वतोमुखी प्रगति के लिए केवल शास्त्र बल ही नहीं, वरन शस्त्र और धन बल भी परम आवश्यक है। इसीलिए हम विद्या, बुद्धि के लिए ज्ञान की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती की समर्चना करते हैं तो शक्ति, साहस, शौर्य और पराक्रम के लिए आदि शक्ति माँ दुर्गा की अर्चना तो वहीं सुख संपत्ति और ऐश्वर्य के लिए महालक्ष्मी की आराधना करते हैं। मार्कंडेय पुराण का देवी महात्म्य खण्ड 'दुर्गा सप्तशती' के नाम से जाना जाता है। इसमें माँ दुर्गा के तीन चरित्र वर्णित हैं। त्रिगुणात्मक शक्ति के प्रतीक रूप में सत्वगुणात्मिक शक्ति सरस्वती, रजोगुणात्मिका शक्ति के रूप में महालक्ष्मी तथा तमोगुणात्मिकता शक्ति के रूप में महाकाली। तीनों चरित्रों से सम्बन्धित तीन महान शौर्य गाथाएँ हैं। प्रथम चरित्र में मधु और कैटभ नामक राक्षसों के वध का विस्तृत वर्णन है। मध्यम चरित्र में कुख्यात संत्रासक महिषासुर के विनाश की रोमांचकारी घटना है और अंतिम चरित्र में आततायी राक्षस शुंभ तथा निशुंभ के समग्र विनाश की रौद्र कथा चित्रित है। जिस प्रकार वेद अनादि हैं, उसी प्रकार दुर्गा सप्तशती भी अनादि है। इसमें वर्णित मधुकैटभ, महिषासुर और शुंभ, निशुंभ जैसी आसुरी शक्तियाँ महामोह, महामाया, महाअविद्या, अन्याय, आतंक, शोषण, अनाचार, विध्वंस और सर्वनाश की प्रतीक हैं। यदि मानसिक विकारों, चिन्ताओं और संकटों से मुक्त सुखद, समृद्ध, यशस्वी, आनन्दमय स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें माँ दुर्गा का आराधना निर्मल भक्ति भाव से सुनिश्चित करना चाहिए।

# श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज भोपाल के तत्वधान में गरबा महोत्सव का आयोजन





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**भोपाल।** प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष भी एक दिवसीय गरबा का आयोजन 04 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की दूज की शुभ अवसर पर श्री सहस्त्रबाहु कलचूरि महासभा कलार समाज भोपाल द्वारा बड़े ही हर्ष उल्हास से गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर माता रानी जी की पूजा अर्चन आरती की गरबा पार्टिशिप में शामिल होने वाले सभी छोटे बड़े का समिति के प्रतिनिधि से परिचय करवाया गया। गरबा महोत्सव की प्रमुख अतिथि भोपाल महापौर मालती राय की गरिमाय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सहस्त्रबाहु कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी एवं महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय द्वारा की गई। गरबा का आयोजन रंगारन लाइटिंग के प्रकाश में देर रात तक चलता रहा। गरबा कंटेश प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय, तृतीय गरबा में आए उन्हें गिफ्ट शील्ड मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। गरबा, महिला द्वारा गरबा, महिला पुरुष सयुक्तरूप से तो छोटे बच्चों के द्वारा भी गरबा खेला गया है। गरबा खेलते-खेलते देखते-देखते कलचुरी भवन के प्रांगण में लगे स्वादिष्ट वेंजन स्टाल का भी सभी दर्शक और गरबा नृत्य कर ने वाले ने भी स्वादिष्ट वेंजन का स्वाद चखा। गरबा में मंच का संचालन निशा चौकसे ने किया और गरबा में पधारे गए सभी अतिथियों गरबा कांटेस्ट गरबा आयोजन में शामिल हुए सभी अतिथियों गणमान्य का महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय ने आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर श्री सहस्त्रबाहु कलचूरी महासभा कलारठ्ठ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एलएन मालविया, अभा हैहय कलचुरी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एड. एमएल राय, सलाहगार शंकरलाल राय, विपिन चौकसे, सहस्त्रबाहु सेवा समिति के संयोजक राजाराम शिवहरे, कलचूरी सेना के अध्यक्ष कौशल राय, मरठा कलार समाज अध्यक्ष राजन सेवईवार, सुधाकर राऊत वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज से प्रकाश मालवीय, गरबा संरक्षक समिति सदस्यों प्रकाश राय, रामकृष्ण चौकसे, प्रदीप राय, शुशील चौकसे, सुनीता राय, मनी शिवहरे, मधुलिका आर्य, गोकुल आर्य, अर्चना आर्य, अंकिता राय, राखी जायसवाल, कल्पना राय, ज्योति राय, गुंजन वर्मा, नेहा चौकसे, महासभा के पदाधिकारी एचपी शिवहरे, ओमप्रकाश गुरेले, अर्जुन जायसवाल, डॉ. जगदीश जायसवाल, अर्जुनलाल डोहरे, प्रभाकर चौरीवार सहित श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज, वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज, कलचुरी सेना, श्री सहस्त्रबाहु सेवा समिति, मरठा कलार समाज के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहकर गरबा आयोजन को सफल बनाया गया। उक्त जानकारी सुधाकर राऊत कलार समाज भोपाल ने दी।

# रेलवे की पटरियों की गहन जांच रेलवे प्रशासन करे






## - महाराष्ट्र प्रदेश वैश्य एकता परिषद की मांग

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**नागपुर।** विगत कई महीनों से रेलवे की ट्रेन तोड़फोड़ कर दुर्घटना करने हेतु अनेक आतंकी तथा सिरफिरे लोग रेलवे की ट्रैक को उखाड़ने, ध्वस्त करने हेतु बम लगाने की, पटरी की कपलिंग खोलने की घटना ज्यादा हो रही हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था, अखंडता पर चोट हो रही है। जान माल की आशंका बढ़ाने के अलावा केंद्र शासन तथा राज्य शासन को बदनाम कर गहरा षड्यंत्र रचा जा रहा है। पटरी पर बड़े आकार के पत्थर, सीमेंट पोल, गैस सिलेंडर, फेंसिंग पिलर, रखकर यात्रियों के लिए भयभीत वातावरण पैदा किया जा रहा है। विशेष कर जंगलों में पहाड़ियों के आसपास रहने वाले लोगों का सहयोग लेने की घने जंगलों में चरवाहे भी मवेशी चराते हैं। उनकी मदद लेने की आवश्यकता है। इसी के साथ रेलवे सुरक्षा कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की भी आवश्यकता है। उपरोक्त राष्ट्रहित चर्चा सत्र हुतात्मा स्मारक गांधी सागर परिसर में रामकृष्ण गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष की अगवाई में लिया गया है। विशेष रूप से डॉ. संतोष मोदी, जुगल किशोर गुप्ता, ओम नारायण शिवहरे, प्रदीप शिवहरे, शंकर गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, भारत गुप्ता, अशोक गुप्ता ने भाग लिया।

# ब्राह्मण बंधुओं ने किया अग्रसेन चल समारोह का स्वागत




**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना/जौरा।** अग्र समाज के कुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महासभा द्वारा निकाले गए चल समारोह का ब्राह्मण बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। जयंती के उपलक्ष्य में अग्रसेन चल समारोह जब एमएस रोड स्थित सनाढ्य धर्मशाला पहुंचा तो अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शुक्ला के नेतृत्व में उपस्थित सैकड़ों विप्र बंधुओं ने भगवान परशुराम एवं भगवान अग्रसेन महाराज की जय-जयकार के नारे लगाते हुए विधि विधान के साथ महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की। चल समारोह में शामिल अग्रवाल समाज बंधुओं को जलपान भी कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ समय से भी संतोष शर्मा, प्रदीप बनवारी लाल शर्मा, रविशंकर शर्मा, रोहित अन्ना शर्मा, प्रमोद शर्मा, पवन कटारी, सत्येंद्र पांडे, सुनील शर्मा, रोहित शर्मा, रूद्र दुबे, दिनेश शर्मा, ऋषि पाराशर, बंटी मुदगल, सतीश पाराशर सहित आदि विप्र बंधु उपस्थित रहे। महाराजा अग्रसेन की आरती के पश्चात् ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जगदीश शुक्ला ने कहा कि इस तरह की आयोजनों से निश्चित रूप से आपसी सद्भावना प्रेम भाईचारा बढ़ता है।

# अभा शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा भूषण से किया जाएगा सम्मानित

## - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश सोनी के मार्गदर्शन में देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** मप्र शिक्षक संघ के मातृ संगठन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक द्वारा 06 अक्टूबर रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में अखिल भारतीय शिक्षा भूषण सम्मान समारोह का आयोजित किया जा रहा है। अयोजन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। इस आयोजन में देशभर के हजारों संघठन प्रतिनिधि, शिक्षाविद एवं सभी राज्यों के पदाधिकारी शामिल होंगे। मुरैना चंबल संभाग की मुरैना, श्योपुर व भिंड जिला इकाइयों के पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। मप्र शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने बताया कि इस अयोजन में विशेष रूप से संघ के सुरेश सोनी, राज्यसभा सदस्य पीठाधीश्वर बाल योगी उमेशनाथ मार्गदर्शन देंगे। अध्यक्षता शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जेपी सिंघल करेगें। देशभर से चुने गए तीन उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए 'अखिल भारतीय शिक्षा भूषण सम्मान' से नवाजा जाएगा। संभागीय अध्यक्ष डा. सिकरवार का कहना है कि इस अखिल भारतीय स्तर के आयोजन में संगठन के राष्ट्रीय व शिक्षक संघ के पदाधिकारी राष्ट्रीय विचार व दृष्टिकोण के संवर्धन हेतु विचारात्मक, संगठनात्मक प्रबोधन के साथ साथ दायित्वानुसार कार्यो, शैक्षिक चुनौतिओं की सीख मिलेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री शिवानंद सिंन्दनकेरा, प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौड़, महामंत्री राकेश गुप्ता, मनोज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शिक्षा के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय चेतना के प्रसार व राष्ट्र नव निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया जाएगा। अखिल भारतीय स्तर के इस आयोजन में सहभागिता को लेकर संगठन के पदाधिकारी काफी उत्साहित हैं। उक्त आयोजन में प्रमुख रूप से श्यामवीर सिंह राठौड़, डॉ. नरेश सिंह सिकरवार, रामवरन सिंह, कमल सिंह गौतम, पवन परिहार, रामावतार सिंह सिकरवार, श्याम सिंह भदौरिया, रतीराम मीणा ब्रजनेश परिहार, रामकरण नागर सहभागिता करेंगे।

# भगवान शंकर जी व पार्वती के विवाह के बारे में सुनकर आनंदित हुए भक्तगण



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना/पोरसा।** इस मृत्यु लोक में जो नियम कायदे कानून बने हैं वे वेद और पुराणों के आधार पर बने हुए हैं। वेद और पुराण भगवान की सृष्टि की रचनाकार ने जो संविधान बनाया है, वह संविधान में कभी भी किसी भी प्रकार की भूलचूक नहीं होती। मानस पुत्र सनत कुमार भगवान के दर्शन करने के लिए बैकुंठ लोक को गए मगर वहां पर जय और विजय नाम के दो पहरेदारों ने सनत कुमार जी को अंदर नहीं जाने दिया, तब अनंत कुमार ने जय विजय को श्राप दिया कि तुम राक्षस हो जाओ। जय और विजय आगे चलकर राक्षस बने। उन राक्षसों के संहार के लिए भगवान को तरह-तरह के अवतार लेने पड़े। उक्त उद्गार पं. देवेंद्र उपाध्याय शास्त्री ने बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। श्री नागाजी सरोवर परिसर में चल रही श्रीराम कथा में आज भागवत भास्कर श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज के प्रिय शिष्य पंडित देवेंद्र उपाध्याय शास्त्री ने भगवान शंकर व पार्वती के विवाह का जीवंत चित्रण किया और बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी विवाह की मर्यादा एवं सात वचनों का पालन करना चाहिए, जो लोग विवाह में अग्नि के साक्षी होकर सात-सात वचन लेते हैं। उन वचनों को निभाना चाहिए जो निभाते हैं उनका जीवन सफल और सार्थक होता है। रामकथा में मूल पाठ संदीप उपाध्याय, ओरगन अजीत दद्दा, हरमोनियम पवन सिंह तोमर, तबला पर संगीत शर्मा, झांकी रामभैया जी सनातनी, माधव उपाध्याय, मालाजाप संतोष मिश्रा ने किया तथा कथा की व्यवस्थाएं राजेश श्रीवास्तव, रणवीर सिंह तोमर, डॉ. राधाचरण सिंह तोमर, रामेश्वर राठौर, डॉ. श्रवण कुमार वर्मा, भारत सिंह तोमर, अनिल शर्मा, धर्मवीर सिंह तोमर आदि ने देखी।

# सायबर सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौती हैः डॉ. वरूण कपूर







## "Black Ribbon Initiative" ''संदेश'' अभियान के तहत 716वीं कार्यशाला सम्पन्न

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**देवास।** "Black Ribbon Initiative" ''संदेश'' अभियान के तहत ''सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता'' विषय पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बीएनपी देवास में डॉ.वरुण कपूर-विशेष पुलिस महानिदेशक द्वारा 716 वीं कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 215 विद्यार्थियों एवं 39 शिक्षकगणों ने भाग लिया।

डॉ. वरुण कपूर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न कार्यशाला में बैंक नोट प्रेस के महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्र, विद्यालय प्राचार्य भरत कुमार सेठ, इंस्पेक्टर पूनम राठौर एवं उनकी टीम सहित कई गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यशाला के प्रारंभ में प्राचार्य भरत कुमार सेठ, उप प्राचार्य अजय, सुरेश पुरोहित, नंदिनी सक्सेना, दीपक नागदे ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुये डॉ. कपूर द्वारा बताया गया कि फिशिंग बुलिंग, स्टॉकिंग, गेमिंग इत्यादि सायबर अपराध की घटनायें बढ़ रही हैं। इसे आपको समझना होगा व सतर्क एवं जागरूक रहना होगा, तभी आप सायबर अपराध का शिकार होने से बच सकते हैं। सायबर सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौती है। सायबर अपराधी दिन-प्रतिदिन नये-नये तरीकों से सायबर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। अपने डाटा को सुरक्षित रखने के लिये दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी ऑनलाईन/सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी निजी जानकारी, जन्मतिथि, मोबाईल नम्बर, पता इत्यादि साझा न करें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें। अनजान ई-मेल/पोस्ट का जवाब न दें। अपने खाते का पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को मजबूत रखें। अपरिचित व्यक्ति जिसे आप नहीं जानते उन्हें ब्लॉक करें। अलग-अलग अकाउण्ट के लिये अलग-अलग एवं मजबूत पासवर्ड बनायें। झांसे या प्रलोभन में न आएं । बैंक में पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर भेजी गई लिंक/ओटीपी को किसी दूसरे नम्बर पर फारवर्ड करने के लिये कहने पर फारवर्ड न करें। अनजान लिंक को ओपन न करें। अनजान फोन/वीडियो कॉल व किसी अनजान की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। आप किसी सोशल मीडिया पोस्ट, मेल, चैटिंग से असहज हो, तो तुरंत अपने माता-पिता को अथवा विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं और पुलिस में शिकायत करें। युवा ऑन-लाईन गेमिंग में ज्यादा समय व्यतीत करते हैं जिसके कारण गेमिंग डिसआर्डर का शिकार हो रहे हैं। इसका फायदा उठाकर अदृश्य अपराधी ऑनलाइन गेम में चैटिंग कर युवाओं को शिकार बनाते हैं। गेमिंग डिसआर्डर के चलते बच्चे ऑनलाईन गेमिंग में पैसा लगा देते हैं, कर्ज ले लेते हैं और इन सबसे परेशान होकर कई लोग,बच्चे आत्महत्या तक कर लेते हैं। माता-पिता भी सोशल मीडिया के बारे में ज्यादा जागरूक नहीं होते हैं। विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान डॉ. कपूर द्वारा सहजता से किया गया। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो छात्रों क्रमशः उपासना पारगी एवं आर्यन को डॉ. कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं के 8 अन्य विद्यार्थियों को बैजेस प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री सेठ द्वारा स्मृति चिन्ह, अनुशंसा पत्र और पुस्तक डॉ. वरूण कपूर को भेंट किया गया। मंच संचालन विद्यालय शिक्षिका कविता जड़िया ने किया। सेमिनार के सफल संचालन में निरीक्षक श्रीमती पूनम राठौर व उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# आज का सक्रिय विद्यार्थी कल का उज्जवल भविष्यः मित्तल

## - लॉयंस क्लब जौरा टाउन द्वारा नवोदय विद्यालय एवं एच एल पब्लिक स्कूल में शांति पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना/जौरा।** यदि हमें अपने भविष्य को समझना है तो हमें आज के विद्यार्थी को समझना होगा, आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है यदि आज का विद्यार्थी सक्रिय होगा तो हमारा आने वाला कल उज्वल होगा। यह बात रीजनल चेयर पर्सन लायन विकास मित्तल ने जवाहर नवोदय विद्यालय, एचएल हायर सेकेंडरी एवं एचएल बचपन स्कूल के बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र वितरित करते समय मुख्य अतिथि की हैसियत से कही।

लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांतीय सेवा सप्ताह 02 से 08 अक्टूबर की श्रंखला में पीएमजेफ लॉयन सुनील अरोराजी प्रांतपाल 3233 ई-1 और रीजन चेयरपर्सन एमजेफ लॉयन डॉ. ऋतु राठी एवं रीजनल कोऑर्डिनेटर एमजेफ लॉयन कैलाश मित्तल के मार्गदर्शन में 04 अक्टूबर शुक्रवार को लॉयंस क्लब जौरा टाउन द्वारा जौरा शहर के प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय, एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल एवं एचएल बचपन स्कूल मे शांति पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्या अतिथि के रूप में जोन चेयरपर्सन लायन विकास मित्तल उपस्थित रहे। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय 'शान्ति सीमाओं से परे' पर दोनों ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कैनवास पर अनेकों रंग बिखेरे एवं इतना गंभीर और कठिन विषय होने के बावजूद बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। सबसे उम्दा 20 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को लॉयंस क्लब जौरा टाउन के अध्यक्ष लॉयन शारदा मित्तल, सचिव लॉयन गयाचरण गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष लॉयन स्वाति मित्तल के तत्वाधान में किया गया।

नवोदय विद्यालय जौरा से शैलेश कुमार दीक्षित, डॉ. उमाकांत पारीक एवं आर्ट टीचर सुश्री वान्या सिंह एवं एचएल ग्रुप के संस्थापक एवं संरक्षकद्वय एलएन त्यागी, श्रीमती प्रभा त्यागी, निर्देशक दुष्यंत त्यागी द्वारा कार्यक्रम को संयोजित किया गया। क्लब के पदाधिकारियों एवं दोनों विद्यालय के अध्यापकों द्वारा एक-दूसरे के सम्मान, सत्कार के उपरांत पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम किया, जिसमें सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह मुख्य अतिथि लॉयन विकास मित्तल द्वारा प्रदान किये गए।

नवोदय विद्यालय जौरा में विजेता विद्यार्थियों में प्रथम अंशुमन मोहंती, द्वितीय रमेश रंजन साहू, तृतीय शुभलक्ष्मी प्रधान और सात सांत्वना पुरुस्कार दिये गए, साथ ही एचएल ग्रुप जौरा से विजेता विद्यार्थियों में प्रथम प्रदीप रावत कक्षा -4, द्वितीय एल्फिना जिमी, कक्षा 9वीं तृतीय प्रेरणा सिकरवार कक्षा 7वीं और सात सांत्वना पुरुस्कार वितरित किये गए।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ मोगली क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** 05 अक्टूबर को मोगली बाल उत्सव 2024 के अंतर्गत जिला स्तरीय मोगली क्विज (प्रश्न मंच) प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 मुरैना में किया गया। इस प्रतियोगिता के संयोजक विद्यालय के प्राचार्य मुकेश शांडिल्य एवं मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी मुरैना का रहा। पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के जिला मास्टर ट्रेनर डॉ. राकेश कुमार शर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. मुरैना ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखंड से चयनित वरिष्ठ वर्ग से एक छात्र एक छात्रा तथा कनिष्ठ वर्ग से एक छात्र एवं एक छात्रा को सम्मिलित होना था। इस प्रकार सात विकासखण्ड से 28 छात्र/छात्राओं को भाग लेना था। जिसमें से कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग से 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय प्राचार्य मुकेश शांडिल्य ने कहा कि इस प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण जागरूकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा हम सबको मिलती है। आप सभी बच्चे इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए, इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। प्रतियोगिता मैं क्विज मास्टर गोरेलाल शर्मा द्वारा कनिष्ठ वर्ग के लिए पांच राउंड में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक प्रश्न पूछे गए। इस कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर विकासखंड सबलगढ़ की टीम रही जिसमें कुमारी कनक जादोन कक्षा 8 किडीज हायर सेकेंडरी स्कूल सबलगढ़ एवं नैवेद्य खेमरिया कक्षा 6 एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय नौलखा सबलगढ़ रहे। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग में भी विकासखंड सबलगढ़ की टीम प्रथम स्थान पर रही, जिसमें मोनू रावत कक्षा 10 किडीज हायर सेकेंडरी स्कूल सबलगढ़ एवं कुमारी नव्या अग्रवाल कक्षा 10 सांदीपनी विद्यापीठ सबलगढ़ रहे। कनिष्ठ वर्ग में द्वितीय स्थान पर विकासखंड कैलारस एवं तृतीय स्थान पर विकासखंड पहाड़गढ़ रहा। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग में द्वितीय स्थान पर विकासखंड मुरैना एवं तिथि स्थान पर विकासखंड अंबाह, पोरसा संयुक्त रूप से रहे। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के बाद वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम तीन दिवसी राज्य स्तरीय आयोजन पेंच अभ्यारण सिवनी में होगा, उसमें सम्मिलित होगी। स्कोरर के रूप में योगेंद्र शर्मा, विजय तोमर उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं श्रीमती ज्योति कुशवाह सहयोगी रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर होने पर प्रतियोगिता के संयोजक मुकेश शांडिल्य एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुरैना सुधीर कुमार सक्सेना द्वारा जिला मास्टर ट्रेनर, क्विज मास्टर एवं सभी सहभागी टीमों को बधाई प्रेषित की है।

## शांति समिति की बैठक 07 अक्टूबर को

**श्योपुर,** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड की अध्यक्षता में नवरात्रि एवं विजयीदशमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए 07 अक्टूबर को शाम 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष श्योपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन ने बताया कि बैठक में पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## ''मैं हूं अभिमन्यु'' अभियान के तहत पुलिस द्वारा विक्टर कॉन्वेंट स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया गया



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** ''मैं हूं अभिमन्यु'' अभियान के तहत पुलिस द्वारा विक्टर कॉन्वेंट स्कूल में लेक्चर, सेमिनार का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण, नारी सम्मान, महिला साक्षरता, गुड टच व बेड टच की जानकारी लेक्चर के माध्यम से दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण के पैंपलेट्स प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत्त की गई शॉर्ट क्लिप मूवीस को बच्चों को जागरूकता अभियान के दौरान दिखाया गया। उप पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ बिन्दु परमार, महिला थाना प्रभारी डिंपल मौर्य, आरक्षक सिराज, पूनम, प्रहलाद, पहलवान थापा मौजूद थे।

# राइफल साफ करते समय चली गोली, दीवान के बेटे की मौत

**ग्वालियर।** राइफल साफ कर रहे दीवान के बेटे की गोली चलने से मौत हो गई। अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन छात्र के कमरे में पहुंचे तो छात्र लहुलूहान पड़ा था। छात्र की हालत देखकर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे और जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के भगवान कॉलोनी में शनिवार सुबह की है। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कयम कर छात्र का शव पीएम हाउस पहुंचा दिया है। थाटीपुर थाना क्षेत्र के भगवान कॉलोनी निवासी रामवीर सिंह तोमर पुलिस में प्रधान आरक्षक है और वर्तमान में अजाक थाने में पदस्थ है। शनिवार सुबह उनका पच्चीस वर्षीय बेटा कुलदीप सिंह तोमर राइफल की सफाई कर रहा था, तभी अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी तो परिजन छात्र के कमरे में पहुंचे तो उनकी चींख निकल गई। क्योंकि अंदर कमरे में कुलदीप जमीन पर पड़ा था। पास ही राइफल पड़ी हुई थी। छात्र को गोल लगने का पता चलते ही परिजन उसे लेकर तुरंत ही अस्पताल पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे चेक करते ही मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया है।



## टैंकर ने लूना सवार को कुचला

ग्वालियर। टैंकर चालक ने लापरवाही व तेजी से टैंकर को चलाते हुए लूना सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि लूना सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा झांसी रोड थाना क्षेत्र स्थित बडोरी रेलवे पुल के पास गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात का है। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही आरोपी चालक भाग निकला। पुलिस ने अज्ञात मृतक का शव पीएम हाउस भेज कर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। झांसी रोड थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात बहोड़ापुर स्थित विनय नगर निवासी कुणान पुत्र प्रमोद श्रीवास्तव ने सूचना दी थी कि वह अपने दोस्त के साथ हाइवे पर होटल में खाना खाने जा रहा था। वह जब बड़ोरी रेलवे पुल के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार आ रहे टैंकर क्रमांक आरजे 11 जीबी 4134 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए एक लूना सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि लूना सवार हवा में उछला और सड़क पर गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को पीएम हाउस पहुंचा कर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# लिवइन पार्टनर ने किया बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**ग्वालियर।** लिवइन पार्टनर ने 11 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी वारदात में सफल होता उससे पहले ही उसकी मां वहां पर पहुंच गई और दर्द से कराह रही बच्ची को हैवानियत से बचाया। घटना मुरार थाना क्षेत्र के बड़ागांव खुरैरी की है। महिला के विरोध से आरोपी वहां से भाग निकला। इसके बाद वह पीडिता बच्ची को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मुरार थाना क्षेत्र के खुरैरी बड़ागांव निवासी 27 वर्षीय महिला ने शिकायत की है कि वह कुछ सालों से अमन यादव के साथ रह रही है। बीते रोज वह अपने कमरे में आराम कर रही थी और उसकी दोनों बेटियां व बेटा नीचे खेल रहे थे। इसी बीच उसकी 11 वर्षीय बेटी की चीखने की आवाज आई तो उसने सोचा कि वह आपस में लड़ गए होंगे, लेकिन कुछ ही देर बाद दोबारा उसकी चींख आई तो वह नीचे आई तो अमन यादव बच्ची के साथ गलत काम कर रहा था। तुरंत ही वह बच्ची के पास पहुंची और अमन को धक्का दिया। जब पीडिता ने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने उसकी मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए और धमकी देकर वहां से भाग निकला। वारदात की शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की तो वह अपने घर से गायब मिला है।

### दूसरी महिला से बातचीत कर रहे पति ने पत्नी को पीटा

ग्वालियर। दूसरी महिला से बातचीत कर रहे पति को जब पत्नी ने टोका तो पति ने पत्नी की मारपीट कर दी। साथ ही धमकी दी कि अगर दहेज में पांच लाख नहीं लाई तो वह उसे छोड़ देगा। घटना कंपू थाना क्षेत्र के अवाड़पुरा की है। घटना की शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कंपू थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूल के पास अवाड़पुरा निवासी 28 वर्षीय सायना बानो पत्नी सादिक खान ने शिकायत की है कि उसका पति बीते रोज किसी युवती से बात कर रहा था, जब उसने विरोध किया तो पति ने उससे मायके से दहेज में पांच लाख रुपए की मांग की और दहेज नहीं लाने पर उसे छोड़कर दूसरी युवती से निकाह करने की धमकी दी। जब उसने रुपए लाने से इनकार किया तो उसकी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी। घटना की शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# मैच ने ग्वालियर के विकास को आठ दिन पीछे धकेला?

### – त्यौहारी सीजन में व्यापार ठप, सड़कों की दयनीय हालत

**ग्वालियर।** भारत व बांग्लादेश के दो घंटे के मैच को लेकर ग्वालियर में विरोध बढ़ता ही जा रहा है। हिन्दू महासभा ने इस मैच को हिन्दुवादियों की भावनाओं पर कुठाराघात बताया है तो वहीं पूरा प्रशासन एकमात्र शंकरपुर स्टेडियम तक सिमट कर रह गया है। कहीं कोई अधिकारी अपने दफ्तरों में नहीं दिख रहे है। केवल और केवल मैच का भूत सवार है। आखिर इंटरनेशनल टी-20 मैच जो है। जैसे जैसे मैच की घड़ी नजदीक आ रही है वैसे वैसे ग्वालियरवासियों के कड़े स्वर हो रहे हैं।

केवल 20 प्रतिशत खेल प्रेमी भावनाओं को ध्यान में रखकर ग्वालियर के विकास को आठ दिन पीछे धकेल दिया है। चारों और शहर के सड़कों की हालत दयनीय है। सुबह से शाम तक धूल के गुबार उठते रहते है। इसी तरह साफ सफाई के खोखले तंत्र के कारण शहर कई पायदान पीछे है। फिर भी इस और कोई सुध लेने वाला नहीं है। इसके साथ ही वर्तमान में पूरे देश में नवदुर्गा महोत्सव चल रहा हैं। त्यौहारी सीजन भी शुरू होने वाला है। दीपावली के लिये भी एक माह से कम समय है। ऐसे में कई व्यापारी नाराज है। उनका व्यापार भी इसी सीजन में चमकता है, लेकिन दो घंटे के मैच के चलते पूरा निगम, पुलिस प्रशासन सभी एक जगह सिमट कर रह गया है। शासकीय सेवा अधिकारियों के दफ्तरों में था तो सन्नाटा पसरा मिलता है या फिर मैच को लेकर बैठक चलती मिलती है। जबकि दूर-दूर से आने वाले लोग अपना वही निराश चेहरा लेकर घर वापस लौट रहे है। यह सामान्य को पूरा एक सप्ताह हो गया है और अभी दो दिन तक भी आमजनों की कोई सुनवाई सुनने वाला नहीं है। उधर त्यौहार भी नजदीक आता जा रहा है। इस मैच से कई प्रबुद्ध वर्ग भी नाराज है। बस वह अपनी भावनाओं प्रकट नहीं कर रहे है। बस उनका केवल इतना ही कहना है कि प्रशासन को शहर के विकास की चिंता न के बराबर है। इस मैच के चलते ग्वालियर आठ दिन पीछे चला गया है।

# जेल में भी हो रही मां की आराधना, बंदी संभाल रहे हैं पंडाल की व्यवस्था

**ग्वालियर।** नवरात्र में शक्ति की आराधना में पूरा शहर लगा हुआ है तो जेल के बंदी कहां पीछे रहते, इस बार मां की भक्ति में जेल में विभिन्न अपराधों में सजा काट रहे 1225 बंदी भी जुटे हुए हैं और वह नौ दिन का व्रत रखकर सुबह की पूजा अर्चना से लेकर जगराता कर रहे हैं। पूजा अर्चना में जुटे बंदियों को जेल प्रबंधन द्वारा पूजा अर्चना के लिए सामान उपलब्ध कराया जा रहा है।

जेल अधीक्षक विदित सरवईया ने बताया कि इस बार 1225 बंदी जुटे हुए हैं और उन्होंने मां की भक्ति का व्रत रखा है। जिसमें 1102 पुरूष बंदी और 123 महिला बंदी हैं। जेल में अभी कुल 3285 बंदी है, जिनमें 177 महिलाएं और 3108 पुरूष बंदी हैं। जेल में व्रत रखने वाले बंदियों को फलाहार दिया जा रहा है, जिसमें खिचड़ी, दही, फल और चाय दी जा रही है, जिससे उनके व्रत रखने में परेशानी ना आए। व्रत रखाने वाले बंदियों की सुबह माता के मंदिर में साफ-सफाई से शुरू होती है और उसके बाद सुबह भजन, दोपहर में कीर्तन और रात में मां की आराधना कर रतजगा कर रहे हैं। जेल में माता बिठाई गई हैं, इसकी पूरी व्यवस्था बंदियों की देखरेख में चल रही है। जो बंदी व्रत रखे हैं, उनके हिस्से में सिर्फ पूजा अर्चना के साथ ही भजन कीर्तन की जिम्मेदारी है, जबकि साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी दूसरे बंदियों पर है। सुबह और शाम को होने वाली आरती में बंदियों के साथ जेल प्रबंधन भी शिरकत कर रहा है और पंडाल में बुजुर्ग बंदी मां की कथा का आयोजन कर रहे हैं।

### शनिवार को 20 मरीज मिले

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पूरे नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम के बेहतर सेवाओं के वादे और विकास के पोल दिनोंदिन खुलते जा रहे हैं। अक्टूबर माह के पांचवें दिन भी ग्वालियर में डेंगू के 31 मरीज मिले हैं। जिसमे ग्वालियर जिले के 20 मरीज पाजीटिव होना बताये गये हैं।

शनिवार को प्राप्त डेंगू की रिपोर्ट के अनुसार 474 संदिग्ध नमूनों की जांच हुई हैं। जिसमें 31 मरीज पाजीटिव निकले। ग्वालियर जिले के 20 मरीज मिले। सभी की उम्र 56 साल से कम है। 10 महिलायें व 10 पुरूष हैं। जबकि बीते दिन शुक्रवार को भी ग्वालियर जिले के 20 मरीज डेंगू के मिले थे।

## पद्मा विद्यालय में महिला शक्तिकरण एवं बालिका सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर।** नारी उत्थान एवं जनकल्याण संगठन ने सीएम राइज शासकीय पद्मा विद्यालय में महिला शक्तिकरण एवं बालिका सुरक्षा विषय पर बच्चियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में संस्था सचिव राजिया खान ने बच्चियों को पीरियड में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। संस्था अध्यक्ष गीता सूर्यवंशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। इस मौके पर सीएम राइज शासकीय पद्मा विद्यालय में संस्था संचालक नम्रता सक्सेना, स्कूल के प्राचार्य रविन्द्र शर्मा, श्रीमती शैलजा गुप्ता, श्रीमती रजनी शर्मा, संस्था अध्यक्ष श्रीमती गीता सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।



## पुरानी रंजिश पर कांग्रेस नेता ने कार तोड़ी

**ग्वालियर।** कांग्रेस नेता ने पूर्व रंजिश पर एक युवक की घर के सामने खड़ी कार तोडफोड़ कर दी। घटना पड़ाव थाना क्षेत्र के न्यू रेलवे कॉलोनी गुम्मठ वाली दरगाह के पास की है। इस दौरान तोडफोड़ से रोकने पहुंचे पीडित की आरोपी ने मारपीट कर दी। घटना का शिकार पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पड़ाव थाना क्षेत्र के न्यू रेलवे कॉलोनी गुम्मठ वाली दरगाह के पास मनोज उर्फ गौरव खटीक रहता है। कुछ दिनों से उसका मनमुटाव कांग्रेस नेता लाला यादव से चल रहा है, पहले वह साथ-साथ रहते थे। बीती रात करीब दस बजे लाला यादव अपने साथी अहमद खान के साथ उसके घर पर आए और आते ही उसकी कार की तोडफोड़ करना शुरू कर दिया। जब वह उन्हें रोकने आए तो आरोपी ने उसकी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी। घटना का पता चलते ही आस-पास के लोग एकत्रित हो गए और आरोपी वहां से भाग निकले। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# ज्ञान, वैराग्य और भक्ति, त्याग ही हरि को मिलने का मार्ग है: विनयकांत त्रिपाठी

**ग्वालियर।** भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज के बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और न ही बदले जा सकते हैं। भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करें, उसे हम भागवत कहते हैं। यह बात नायक साहब की बजरिया स्थित कालका माता मंदिर में भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास विनयकांत त्रिपाठी ने कही।

इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने आज हरि आए विदुर घर पावणा... का सुमधुर गायन किया तो भक्त भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने दुर्योधन के शाही भोजन को छोड़कर विदुर जी के घर केले के छिलके का भोग लगाया। विनयकांत त्रिपाठी ने कहा कि भारत में जात-पात, ऊंच-नीच, छूत-अधूत का पाखंड बंद होना चाहिए। इस पाखंड के चलते हमने अपने भाइयों को अपने से दूर कर दिया। जबकि भगवान राम, श्रीकृष्ण, आदि गुरु शंकराचार्य, संत रेहदास, गौतम बुद्ध आदि ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। श्री त्रिपाठी ने महाभारत चरित्र और वराह अवतार का भी वर्णन किया। इस अवसर पर परीक्षत भगवती राठौर, सुधीर राठौर, श्याम सेन, कमलेश गौड़, आदित्य भार्गव, संजीव राठौर, चंदू गर्ग, महेश राठौर, संजय पवैया, कृष्णा सोनी, राजेश राठौर, हीरालाल कुशवाह, विजय सिंह, मनीष राठौर, गिरीश साहू, अशोक पाल, गिरीश शिवहरे, सोनू नामदेव, सुमित राठौर, विकास शर्मा, स्वतंत्र राठौर, प्रवीण शर्मा, मोनू नामदेव, मोंटी राठौर, शैलेंद्र राठौर, नरेंद्र सिंह, सौरभ राठौर, उमेश तिवारी, अभिषेक राठौर, बंटू बाथम, देवेश राठौर, चेतन सेन, शानू राठौर सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



# शहर में किया आदिशक्ति के 9 स्वरूपों का शूट



**ग्वालियर।** शारदीय नवरात्रि के लिए आदिशक्ति के 9 स्वरूपों का शूट ग्वालियर में किया गया। इस शूट को डायरेक्ट किया रिचा शिवहरे ने। रिचा पिछले पांच वर्षों से नवरात्र में देवी माता के विभिन्न रूपों के दर्शन सभी को कराती आ रही हैं। इस बार भी उन्होंने माता रानी के नौ स्वरूप को हम सबके सामने प्रस्तुत किया है। इस फोटो शूट में सपोर्टेड टीम में विशाल वर्मा, अंकित, हर्षित परिहार रहे। फोटोग्राफी मनीष जोशी ने की है। देवी मां के नौ रूपों को मेकअप आर्टिस्ट विशाल वर्मा, एकता राउत, काया कुशवाह, लवली, वीनू गर्ग, शालिनी, आशा जेसवानी, रूपम, राधिका बिंदल ने ऐसा रूप प्रदान किया। वहीं नवदुर्गा के स्वरूप में शैलपुत्री प्रकृति जैन, ब्रह्मचारिणी तारिणी बंसल, चंद्रघंटा रानी थापा, कुष्मांडा पल्लवी मिश्रा, स्कंदमाता अंजलि शिवहरे, कात्यायनी आंचल भदौरिया, कालरात्रि तनु वर्मा, महागौरी नीना सक्सेना और सिद्धिदात्री के रूप में मोनिका तिवारी ने शिरकत की।

## संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को ज्ञापन सौंपा

**ग्वालियर।** संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह एवं संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर जिला चिकित्सालय मुरार में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा विगत 5 वर्षों से आउटसोर्स कर्मचारी को कम भुगतान किया जा रहा है। जबकि इन कार्यालयों में एक भी आउटसोर्स कर्मचारी पद स्वीकृत नहीं है। कर्मचारी नेताओं ने मांग रखी है कि शासन की योजना अनुसार आउटसोर्स पर नियुक्त कर्मचारियों को बगैर जांच के हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

## विधायक डॉ. सिकरवार बनवायेंगे 10 और तोरण द्वार

**ग्वालियर।** कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार द्वारा ग्वालियर पूर्व विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर 10 और नवीन तोरण द्वारों का निर्माण मौलिक निधि द्वारा कराया जायेगा। विधायक डॉ. सिकरवार द्वारा जिला योजना अधिकारी को पत्र लिखकर अपनी मौलिक निधि वर्ष 2024-25 से 10 तोरण द्वार बनाये जाने हेतु स्वीकृति दी है। यह तोरण द्वार क्रमशः भिण्ड रोड पर महाराणा प्रताप द्वार, आकाशवाणी के पास झलकारी बाई द्वार, कटोरताल रोड पर महाराजा कै. माधवराव सिंधिया द्वार, मेडिकल चौराहा पर मॉ अहिल्या बाई द्वार, झांसी रोड चौराहा पर मॉ कर्मा देवी द्वार, गुब्बारा फाटक पर मैथली शरण गुप्त द्वार, कल्पना टॉकीज के पास मुरार पर महर्षि वाल्मीक द्वार, 6 नं. चौराहा मुरार पर सेन महाराज द्वार, नीडम रोड पर महाराजा खेत सिंह खंगर द्वार एवं हॉस्पीटल रोड पर श्री सिद्ध गुरू काशी बाबा द्वार बनाये जायेंगे।

## टिकट ब्लैक करने वाले पर होगा मामला दर्ज: एसपी सगर

**ग्वालियर।** भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच के टिकट ब्लैक करने वाले को पकडने और ममला दर्ज करने पर थाना प्रभारी को पांच हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। यह निर्देश एसपी राकेश कुमार सगर ने सभी थाना प्रभारियों को दिए है। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारियों ने सूचना तंत्र में लगे पुलिस कर्मियों और बीट में लगे पुलिस कर्मियों के साथ ही अफसरों को दिए है।

एसपी राकेश कुमार सगर ने बताया कि कुछ दिनों से अफवाह आ रही है कि छह अक्टूबर को भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच के टिकट ब्लैक करने के लिए कुछ गिरोह एक्टिव हुए है। इन पर कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशि दिए गए है कि जो भी थाना प्रभारी इनके खिलाफ कार्रवाई करता है तो उसे पांच हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। टिकट ब्लैक करने वालों पर कार्रवाई के लिए पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग के साथ ही गली और मोहल्ले में अपने मुखबिरों को अलर्ट कर दिया है, जिससे टिकट ब्लैक होने की जानकारी तुंरत ही उनके पास पहुंच जाए और कार्रवाई की जा सके।

# आंगनबाड़ी में हुआ दानी-नानियों का सम्मान

**ग्वालियर।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शनिवार को अलग ही खुशियों का माहौल था। आंगनबाड़ियों में इस दिन दादी-नानी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दादी व नानियों का श्रीफल व पुष्पाहारों से आत्मीय अभिनंदन किया गया। साथ ही सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। यह आयोजन सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे ÷शक्ति अभिनंदन अभियान÷ के तहत किया गया।



शनिवार को ÷शक्ति अभिनंदन अभियान÷ के तहत कलेक्ट्रेट में महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर में रोजगार, व्यापार व उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर सार्थक संवाद हुआ। संवाद के दौरान जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक केएस सोलंकी सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभागी महिलाओं को उद्यम स्थापित करने की बारीकियाँ बताईं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास धीरेन्द्र सिंह जादौन ने भी महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये उपयोगी जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी जादौन ने बताया कि ÷शक्ति अभिनंदन अभियान÷ के तहत 7 अक्टूबर को बालिकाओं के प्रशिक्षण के लिये सशक्त वाहिनी पंजीयन एवं पंचायत व वार्ड स्तर पर सेफ्टी वॉक का आयोजन किया जायेगा। 8 अक्टूबर को विद्यालय व स्वास्थ्य केन्द्रों में मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण कार्यक्रम और विकास में महिला भागीदारी पर परिचर्चा का आयोजन होगा। इसी क्रम में 9 अक्टूबर को बालिकाओं द्वारा मार्शल आर्ट प्रदर्शन व सकारात्मक पुलिस भागीदारी पर चर्चा एवं महिला सुरक्षा वातावरण निर्माण के लिये शपथ दिलाई जायेगी। अभियान के तहत 10 अक्टूबर को सायबर सिक्योरिटी व सोशल मीडिया सिक्योरिटी पर शिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। इसी तरह 11 अक्टूबर को पुलिस थानों में महिला सुरक्षा के लिये शक्ति संवाद प्रस्तावित है।

## दाहिया होंगे म.प्र. अजाक्स के स्टेट संगठन समीक्षक

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जातिध्जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय महासचिव ने बताया कि म.प्र. अजाक्स के प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य द्वारा संगठन को सशक्त बनाने की दृष्टि से रामकिशोर दाहिया पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी जबलपुर को मध्यप्रदेश अजाक्स की प्रांत, संभाग, जिला, तहसील, ब्लॉक इकाइयों को शसक्त बनाने के दृष्टिकोण से म.प्र अजाक्स का स्टेट समीक्षक नियुक्त किया गया है। दाहिया की नियुक्ति पर अनेक प्रांतीय पदाधिकारियों में श्यामलाल डोहरिया मुख्य समन्वयक म.प्र.अजाक्स (इंदौर) रामेश्वर पटेल, अतर सिंह जाटव प्रांतीय महासचिव (ग्वालियर) श्री दलवीर सिंह (राजगढ़) प्रो. प्रेमनारायण बौद्ध (निवाड़ी) डॉ.अनिल अर्गल (भोपाल) राय सिंह भील (गुना) अशोक कटारिया (इंदौर) वृंदावन लुड़ेले, प्रांतीय ऑडिटर (ग्वालियर) बलवीर सिंह परस्ते, उदयभान सिंह दाहिया, सीमा ठाकुर, (कटनी) प्राचार्य अशोक चौरे, डॉ.घनश्याम सिंह परते, (बालाघाट) डॉ.विजय आरख, आर.एल.साकेत (सतना), गया सिंह तेकाम (मैहर) छत्रपाल सिंह मर्सकोले (बैतूल) एस.के बरोड़ (उज्जैन) प्रेम सिंह अहिरवार, एल.आर.अहिरवार (विदिशा) सहित अनेक जिलाध्यक्षों, जिला महासचिवों ने अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।



# बुलेट बाइक सवार को कार चालकों ने टक्कर मारी, फिर मारे चाकू

**ग्वालियर।** दोस्तों से मिलकर वापस लौट रहे बुलेट बाइक सवार को कार चालकों ने टक्कर मार दी। अभी युवक संभल रहा था तभी कार सवार उतर कर आए और मारपीट कर जान से मारने के इरादे से चाकू मार दिया। घटना मुरार थाना क्षेत्र के आर्मी एरिया स्थित सुदर्शन चौराहे के पास की है। हमलावर हमला कर रहे थे की तभी कुछ लोग एकत्रित हो गए और हमलावर भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भर्ती कराकर मामला दर्ज कर लिया है।

गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के नारायण विहार कॉलोनी निवासी अमित परिहार पुत्र रमेश परिहार बीते रोज बिजौली से अपने घर वापस आ रहा था। अभी वह आर्मी इलाका स्थित सुदर्शन चौराहे के पास पहुंचा था कि तभी पीछे से आ रही स्विप्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 07 जेडबी 8430 के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुलेट सहित गिर गया और संभलने का प्रयास कर रहा था कि तभी कार से उसके चाचा पवन व सुरेन्द्र आए और उसकी मारपीट कर चाकू मार दिया। चाकू उसके हाथ में लगा और इसी बीच वहां से गुजर रहे लोगों को देखकर आरोपी भाग निकले और धमकी दी कि अगर उनके रास्ते में आएगा तो वह उसे जान से मार देगे। पीडित ने पुलिस को बताया कि उसकी व उसके चाचाओं की सामलाती जमीन है, जिसके बंटाकन के लिए उसने आवेदन किया है, इसी से वह नाराज है और उससे रंजिश रखते है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए पहुंचा कर उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## 150 नेत्र रोगियों का इलाज हुआ




**ग्वालियर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांतीय कार्यक्रम सेवा सप्ताह अनमोल खुशियां के तहत लायंस क्लब ग्वालियर अनुभूति आर्यन और जानकी के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सेवा नगर में ख्वाजा कानून की दरगाह के पास एक बस्ती में किया गया। जिसमें 150 नेत्र रोगियों की जांच की गई और नेत्र स्वस्थ रखने के उपाय के बारे में बताया गया। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सा डॉ ध्रुव पाठक, आशीष द्विवेदी ने नेत्र सुरक्षा के बारे में सलाह दी। शिविर में एमजेएफ लायन मीनाक्षी गोयल उपस्थित रही। अनुभूति क्लब लायन कमल किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में शिविर संपन्न हुआ। इस मौके पर जेडसी हेमलता दुबे, जेडसी डॉक्टर मीरा जैन, सचिव लायन डॉ हरिओम कुमार सिंघल, उपाध्यक्ष विजय खंडेलवाल, कमल बनवारी, ला प्रीति झा, ला ओपी पाठक, कार्यक्रम संयोजक लायन चंदन जायसवाल, ला राजेश गोयल, लायन रानो पथरोलिया, विजय खण्डेलवाल उपस्थित थे।

### एम्स दिसम्बर माह में लगायेगा तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर

**ग्वालियर।** ग्वालियर में आगामी दिसम्बर माह में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा आयोजन होने जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 25 से 27 दिसम्बर तक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल द्वारा तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा। सांसद ने इस सिलसिले में एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. अजय सिंह से मुलाकात कर स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिये पत्र सौंपा था। इस पर एम्स के निदेशक ने सांसद को लिखित में सहमति दे दी है। साथ ही एम्स की टीम 7 अक्टूबर को इस शिविर की तैयारियों के सिलसिले में ग्वालियर आ रही है। एम्स भोपाल से तीन वरिष्ठ चिकित्सकों का दल सोमवार 7 अक्टूबर को ग्वालियर आयेगा। यह दल सांसद एवं जिला कलेक्टर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप देगा।

## संपादकीय

# नई योजनाएं, पुराने सवाल क्या खेती का घाटा भर पाएगी सरकार की प्रोत्साहन योजना?

सरकारी दावों के बरक्स जमीनी हकीकत कुछ अलग है। स्थिति यह है कि खेती लंबे समय से घाटे का उद्यम बन चुकी है। बहुत सारे क्षेत्रों में सिंचाई की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। बढ़ती आबादी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव सबसे अधिक खेती-किसानी पर देखा जा रहा है। हर वर्ष अन्न उत्पादन बढ़ाने की राह में मुश्किलें बढ़ रही हैं। ऐसे में कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन की दरकार महसूस की जाती रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की कृषि क्षेत्र के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की दो नई परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से स्वाभाविक ही इस क्षेत्र में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना नामक दो नई योजनाएं शुरू की हैं। हालांकि इस क्षेत्र के लिए पहले से कई योजनाएं चल रही हैं। कृषि कर्ज और फसल बीमा को सुविधाजनक बनाया गया है। किसानों की प्रोत्साहन राशि बढ़ा कर छह हजार से दस हजार रुपए प्रति वर्ष कर दी गई है। इनके बीच दो नई योजनाएं शुरू होने से खेती-किसानी में कुछ बेहतरी की संभावना बन सकती है। सरकार ने इस वर्ष तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था। वह वादा पूरा तो नहीं हो पाया, पर कुछ तरक्की के संकेत जरूर मिले हैं। देखना है, नई योजनाएं इस वादे को पूरा कर पाने में कितनी और कहां तक मददगार साबित होती हैं। सरकारी दावों के बरक्स जमीनी हकीकत कुछ अलग है। स्थिति यह है कि खेती लंबे समय से घाटे का उद्यम बन चुकी है। बहुत सारे क्षेत्रों में सिंचाई की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां किसानों की मानसून पर निर्भरता है। फिर, खेती में लागत काफी बढ़ गई है। बीज, उर्वरक और कीटनाशकों आदि की कीमतें बहुत सारे किसानों की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। फसलों के उचित दाम नहीं मिल पाते। लागत और लाभ में काफी अंतर है। कुछ फसलें लागत से भी कम कीमत पर बेचनी पड़ती हैं।

सरकार हर वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा तो करती है, मगर उस कीमत पर भी अनाज बाजार में नहीं बिक पाता। बिचौलिए उससे काफी कम कीमत पर फसल खरीदते हैं। नगदी फसल उगाने वाले किसानों को अक्सर अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी मौसम की मार से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कभी बाजार में उतार और मांग कम होने के कारण उन्हें औने-पौने दाम पर फसल बेचनी पड़ती है। हर वर्ष किसानों को प्रतिरोध में फसलें सड़कों पर फेंकते देखा जाता है। इस स्थिति से पार पाने में ये योजनाएं कितनी सफल होंगी, यही उनकी कसौटी होगी। किसान लगातार मांग करते रहे हैं कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए और इसके दायरे में और फसलों को लाया जाए। इस मांग को लेकर किसान लंबे समय तक आंदोलन भी कर चुके हैं। मगर इस पर सरकार का रुख सकारात्मक नहीं देखा गया। सरकार कृषि को व्यवसाय का दर्जा देने की बात सैद्धांतिक रूप से तो करती रही है, मगर व्यावहारिक स्तर पर उसकी कृषि नीतियां प्रश्नों के दायरे में बनी रही हैं। दरअसल, किसानों की समस्या तदर्थ उपायों से दूर नहीं होने वालीं। टिकाऊ कृषि के लिए व्यापक स्तर पर और व्यावहारिक उपाय करने की जरूरत है। इसके लिए उत्पादन, भंडारण, विपणन आदि खेती-किसानी के हर पहलू पर भरोसेमंद कदम उठाने होंगे। नई योजनाएं इस जरूरत को कहां तक पूरा कर पाएंगी, देखने की बात है।

# आधुनिक जीवन की बड़ी चुनौती रिश्तों में उपेक्षा और विश्वास की कमी

**चाहे वह दोस्ती हो, परिवार हो या फिर एक प्रेम संबंध, सभी रिश्तों की नींव विश्वास और आपसी समझ पर टिकी होती है, लेकिन कई बार इन्हीं रिश्तों में उपेक्षा का दंश और विश्वास की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जो संबंधों को कमजोर कर देती हैं। आजकल जिंदगी की भाग-दौड़ में लोगों के बीच दूरियां बढ़ती ही जा रही हैं। किसी से उपेक्षित होना किसी भी रिश्ते में सबसे खतरनाक स्थिति होती है। यह वह स्थिति है जब किसी एक व्यक्ति को यह महसूस होने लगता है कि उसका साथी उसकी भावनाओं, आवश्यकताओं और इच्छाओं को महत्व नहीं दे रहा है। उपेक्षा धीरे-धीरे रिश्ते को अंदर से कमजोर कर देती है। कामकाजी जीवन, सामाजिक दायित्वों और व्यक्तिगत लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है।**



संवाद और संचार किसी भी रिश्ते का बुनियादी आधार होता है। अगर रिश्ते में उपेक्षा बढ़ रही हो और विश्वास की कमी हो रही हो, तो सबसे पहले दोनों पक्षों को खुलकर बातचीत करनी चाहिए। अपनी भावनाओं, चिंताओं और समस्याओं को एक-दूसरे के सामने रखना चाहिए, ताकि गलतफहमियां दूर हों। हर अगले रोज थोड़ा ज्यादा मशीनी होती जिंदगी में यह एक सामान्य अनुभव है कि रिश्ते हमारे जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। चाहे वह दोस्ती हो, परिवार हो या फिर एक प्रेम संबंध, सभी रिश्तों की नींव विश्वास और आपसी समझ पर टिकी होती है, लेकिन कई बार इन्हीं रिश्तों में उपेक्षा का दंश और विश्वास की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जो संबंधों को कमजोर कर देती हैं। आजकल जिंदगी की भाग-दौड़ में लोगों के बीच दूरियां बढ़ती ही जा रही हैं। किसी से उपेक्षित होना किसी भी रिश्ते में सबसे खतरनाक स्थिति होती है। यह वह स्थिति है जब किसी एक व्यक्ति को यह महसूस होने लगता है कि उसका साथी उसकी भावनाओं, आवश्यकताओं और इच्छाओं को महत्त्व नहीं दे रहा है। उपेक्षा धीरे-धीरे रिश्ते को अंदर से कमजोर कर देती है। कामकाजी जीवन, सामाजिक दायित्वों और व्यक्तिगत लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है। इससे संबंधों में समय की कमी होने लगती है, जो आखिर उपेक्षा का कारण बनता है। कई बार व्यक्ति अपने जीवन में इतना आत्म-केंद्रित हो जाता है कि वह अपने साथी की भावनाओं और आवश्यकताओं को नजरअंदाज करता जाता है। वह अपने सपनों, इच्छाओं और लक्ष्यों को पूरा करने में इतना व्यस्त हो जाता है कि उसके साथी को महसूस होने लगता है कि उनकी उपेक्षा हो रही है। एक बात यह भी है कि समय के साथ लोगों की प्राथमिकताएं बदलती हैं, जिसका असर कई बार स्पष्ट दिखने लगता है। मसलन, शादी के शुरुआती वर्षों में जो व्यक्ति अपने साथी के साथ अधिक समय बिताता था, वह बाद में अपने करियर या अन्य गतिविधियों में इतना खो जाता है कि उसका साथी उपेक्षित महसूस करने लगता है। अपने कामकाज के लिए हम किसी अपने की उपेक्षा करके उसका दिल तो दुखा देते हैं, पर उसका प्रभाव गहरा होता जाता है। यह व्यक्ति के आत्मसम्मान को चोट पहुंचा सकता है और उसे अपने आप में संदेह करने पर मजबूर कर सकता है। उपेक्षा से व्यक्ति के भीतर अकेलेपन की भावना पनप सकती है, जिससे वह मानसिक और भावनात्मक रूप से अस्थिर हो सकता है। लंबे समय तक उपेक्षा सहने से व्यक्ति रिश्ते में रुचि खोने लगता है और रिश्ते में दरार पड़ने लगती है। इस तरह के दरार को पाटने के लिए एक दूसरे पर विश्वास होना आवश्यक है। विश्वास किसी भी रिश्ते की नींव होता है। यह वह धागा है जो दो लोगों को आपस में जोड़ता है, लेकिन जब इस धागे में दरार आ जाती है, तो रिश्ते का टूटना तय होता है। अक्सर देखा गया है कि कई बार व्यक्ति के अतीत में हुए धोखे और धोखाधड़ी के अनुभव उसे नए रिश्ते में विश्वास करने से रोकते हैं। उसे डर रहता है कि वही इतिहास दोहराया न जाए। और इस डर के कारण वह अपने साथी पर पूरी तरह से विश्वास नहीं कर पाता। असुरक्षा की भावना भी विश्वास की कमी का एक प्रमुख कारण है। व्यक्ति को लगता है कि उसका साथी उसे छोड़ सकता है या धोखा दे सकता है। यह भावना उसे अपने साथी पर विश्वास करने से रोकती है और वह संदेह की दृष्टि से अपने साथी को देखने लगता है। कई बार छोटी-छोटी गलतफहमियां भी बड़े विवाद का रूप ले लेती हैं। जब दो लोगों के बीच संवाद की कमी होती है, तो वे एक-दूसरे के बारे में गलत धारणाएं बना लेते हैं। ये गलतफहमियां विश्वास की कमी का कारण बनती हैं। जब रिश्ते में विश्वास की कमी होती है, तो व्यक्ति को अपने साथी के हर कार्य पर संदेह होने लगता है।

वह साथी के फोन, संदेश, ईमेल आदि की जांच करने लगता है। यह संदेह और असुरक्षा की भावना धीरे-धीरे रिश्ते को अंदर से कमजोर कर देती है। विश्वास की कमी से रिश्तों में कड़वाहट पैदा हो जाती है, जो धीरे-धीरे रिश्ते के टूटने का कारण बनती है। संवाद और संचार किसी भी रिश्ते का बुनियादी आधार होता है। अगर रिश्ते में उपेक्षा बढ़ रही हो और विश्वास की कमी हो रही हो, तो सबसे पहले दोनों पक्षों को खुलकर बातचीत करनी चाहिए। अपनी भावनाओं, चिंताओं और समस्याओं को एक-दूसरे के सामने रखना चाहिए, ताकि गलतफहमियां दूर हों और रिश्ते में मजबूती आए।

उपेक्षा से बचने के लिए दोनों पक्षों को एक-दूसरे के लिए समय निकालना चाहिए, चाहे वह कुछ मिनट के लिए फोन पर बातचीत हो या संवेदना के खोए सूत्रों को फिर से जोड़ना। यह महत्त्वपूर्ण है कि एक-दूसरे के साथ समय बिताया जाए। आत्म-जागरूकता रिश्ते में सुधार लाने का एक महत्त्वपूर्ण जरिया है। अगर किसी को लगता है कि वह अपने साथी की उपेक्षा कर रहा है या उस पर विश्वास नहीं कर रहा है, तो उसे अपने व्यवहार का विश्लेषण करना चाहिए। कारणों की खोज के बाद उसे सुधारने के लिए कदम उठाने चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि दो लोगों के बीच कुछ गलतियां होना स्वाभाविक है, लेकिन माफी मांगने और माफ करने से रिश्ते में विश्वास की भावना फिर से स्थापित होती है। एक-दूसरे की सराहना करना भी रिश्ते को मजबूत करने का एक कारण बनता है। जब कोई अपने साथी के प्रयासों और योगदान को सराहता है, तब उसे यह महसूस होगा कि उसकी उपेक्षा नहीं हो रही है। यह रिश्ते में सकारात्मकता और प्रेम की भावना को बनाए रखता है। दरअसल, रिश्ते को निभाने में समझ, धैर्य और विश्वास की आवश्यकता होती है। विश्वास की कमी रिश्तों को बर्बाद कर सकती है, लेकिन अगर दोनों पक्ष समय पर इन समस्याओं को पहचानकर उनका समाधान करें, तो रिश्ते को मजबूत किया जा सकता है। एक मजबूत और स्वस्थ रिश्ता वही होता है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे की भावनाओं, आवश्यकताओं और इच्छाओं का सम्मान करते हैं और आपसी विश्वास बनाए रखते हैं।

# लोक से संवाद का अनूठा प्रयोग, शासक का संवाद लोकतंत्र की कामयाबी के लिए जरूरी

आधुनिक लोकतंत्र की पहली शर्त है लोक का चुने हुए शासक से सीधा संवाद। इस संवाद के माध्यम और तरीके पर हमेशा से चिंतन होता रहा है। इन अर्थों में आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहे 'मन की बात' कार्यक्रम को लोक संवाद की आधुनिक व्यवस्था कहा जा सकता है। रेडियो के इतिहास में 'मन की बात' संभवत पहला कार्यक्रम है जो इतना नियमित है। महाकवि कालिदास के प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम् का एक दृश्य है, जहां एक व्यक्ति न्याय की अपेक्षा में राजा दुष्यंत के महल में तीन बजे भोर में पहुंचता है। वह द्वारपाल से राजा से मिलने की अनुमति मांगता है। वह कुछ संकोच भी कर रहा है कि राजा कहीं विश्राम कर रहे होंगे। तब द्वारपाल उस व्यक्ति को समझाता है कि यह आपका लोकतांत्रिक अधिकार है कि अपने राजा से कभी भी मिल सकते हैं। ऐसा अधिकार उस राजतंत्रिक व्यवस्था में था, जिसे हम पुरातनपंथी मानते हैं। आधुनिक लोकतंत्र की जटिलताओं के चलते आज के शासक से मिलना आमजन के लिए संभव ही नहीं है। कहीं-कहीं जनता दरबार जैसी संकल्पनाएं हैं भी तो उनमें भी दुष्यंत जैसा लोकतांत्रिक सोच नहीं है। आधुनिक लोकतंत्र की पहली शर्त है, लोक का चुने हुए शासक से सीधा संवाद। इस संवाद के माध्यम और तरीके पर हमेशा से चिंतन होता रहा है। इन अर्थों में आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहे 'मन की बात' कार्यक्रम को लोक संवाद की आधुनिक व्यवस्था कहा जा सकता है। रेडियो के इतिहास में 'मन की बात' संभवतः पहला कार्यक्रम है, जो इतना नियमित है। हाल में इसने एक दशक का सफर पूरा कर लिया। सबसे अहम बात यह है कि यह कार्यक्रम तब रेडियो पर आया, जब संचार माध्यमों की क्रांति अपने उफान पर थी। इंटरनेट के विस्तार और विकास ने दो मोर्चों पर संचार माध्यमों को प्रभावित किया है। उसने खुद में सारे माध्यमों मसलन प्रिंट, रेडियो और टीवी को तो आत्मसात किया ही, खुद को सभी रूपों में एक साथ विस्तारित भी किया। ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के जरिये देश को संबोधित करना शुरू किया, जिसकी वजह से दूसरी पीढ़ी के माध्यम यानी पारंपरिक रेडियो की लोकप्रियता को नई गति मिली। हालांकि इसकी वजह से मोदी अपने राजनीतिक विरोधियों के निशाने पर भी रहे। उन्हें अक्सर यह उलाहना भी सुनना पड़ा कि उन्हें 'जन की बात' करनी चाहिए। सार्वजनिक माध्यम के जरिये जनता को संबोधित करने की पहली कोशिश पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने की थी। दूसरे विश्व युद्ध की आहट की वजह से जहां अमेरिकी बैंकिंग व्यवस्था चरमराने लगी थी, वहीं जर्मनी के हिटलर प्रशासन की ओर से खूब प्रोपेगंडा फैलाया जा रहा था। ऐसे माहौल में रूजवेल्ट को लगा कि अमेरिकी लोगों को सांत्वना देने और दुनिया को अफवाहों से बचाने के लिए उनके सामने सही बात रखी जानी चाहिए। इसके लिए रेडियो उन्हें ज्यादा प्रभावी माध्यम लगा, जिसके जरिये अपनी बात तुरंत लोगों तक पहुंचाई जा सकती थी। रूजवेल्ट ने इस कार्यक्रम का नाम फायरसाइड चैट दिया, जिसके जरिये उन्होंने अमेरिका और दुनिया को अमेरिका के रुख से न सिर्फ परिचित कराया, बल्कि ध्वस्त होने के कगार पर पहुंची अमेरिकी बैंकिंग व्यवस्था को बचाने के लिए की जा रही अपनी सरकार की कोशिशों की जानकारी भी दी। फायरसाइड चैट के जरिये उन्होंने लोगों की राय बदल दी। 1933 में शुरू हुआ उनका यह रेडियो संवाद 1944 तक जारी रहा। हालांकि उसमें रुकावट भी आ जाती थी। इसकी तुलना में 'मन की बात' नियमित है। 'मन की बात' के पहले एपिसोड का प्रसारण तीन अक्टूबर, 2014 को हुआ, जिसका विषय एक दिन पहले ही शुरू हुआ 'स्वच्छता अभियान' था। उस दिन शुक्रवार था और दशहरा का पावन त्योहार भी। तब से लेकर मार्च 2015 तक महीने के आखिरी शुक्रवार को ही इसका प्रसारण होता रहा, लेकिन बाद में महीने के आखिरी रविवार का दिन तय हुआ। तब से प्रसारण का यही दिन नियत है। इस कार्यक्रम में सामाजिक बदलाव ला रहे स्थानीय नायकों का खूब उल्लेख होता है। बिहार की किसान चाची हों या कश्मीर का शिकारा चलाकर परिवार पालता बच्चा या फिर वाराणसी के गंगा घाट की सफाई का अभियान शुरू करने वाली छात्राएं हों,

ऐसे तमाम लोगों की इस कार्यक्रम में चर्चा हुई है। इनके जरिये सामाजिक बदलाव लाने वाले लोगों को समाज के सामने प्रेरक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्यक्रम में उस महीने विशेष के त्योहारों के जरिये भी सांस्कृतिक और आर्थिक आयामों को प्रस्तुत किया जाता है। मेक इन इंडिया, लोकल के प्रति वोकल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, खेती-किसानी में नवाचार, खिलौना उद्योग का विस्तार, स्टार्टअप, अंगदान की महत्ता जैसे तमाम विषय हैं, जिन पर प्रधानमंत्री ने खुलकर चर्चा की और उन पर लोगों का ध्यान भी गया है। जल संरक्षण, त्योहारों पर भारतीय वस्तुओं की खरीद, खादी का कम से कम एक वस्त्र जरूर खरीदने की अपील हो या फिर नवीकरणीय ऊर्जा की बात,

सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव लाने वाले ऐसे कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी ने इस एक दशक में खुलकर चर्चा की है। गत दिनों 'मन की बात' की एक सौ चौदहवीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने 'नारी शक्ति', अमेरिका से वापस आ रही सैकड़ों कलाकृतियों की चर्चा के साथ ही मातृभाषा में शिक्षा की चर्चा की। इसके ठीक पहले के एपिसोड में उन्होंने प्रतिभाओं की राह में आने वाली बाधाओं में परिवारवाद को भी जिम्मेदार बताया था। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल किए जाने के लिए विषयों के लिए आम लोगों से सुझाव भी मांगते रहे हैं। लोक से शासक का संवाद लोकतंत्र की कामयाबी के लिए जरूरी है। इस लिहाज से देखें तो 'मन की बात' इसी संवाद प्रक्रिया का तरीका है, जो रूजवेल्ट के संवाद से कुछ अलग है। रूजवेल्ट ने राजनीति को जवाब के तौर पर फायरसाइड चैट का इस्तेमाल किया, जबकि मोदी इसके जरिये समाज को ही सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और आर्थिक बदलाव को लेकर हस्तक्षेप करने के लिए प्रेरित करने की कोशिश कर रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।)

# अमेठी में अपराधियों की हिम्मत के आगे फीकी यूपी पुलिस की सख्ती, योगी सरकार के दावों पर सवाल

**मगर हकीकत यह है कि कुछ प्रचारित मामलों को छोड़ दिया जाए तो राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया लगता है। वे अब सामूहिक कत्लेआम करने से भी बाज नहीं आ रहे। अमेठी जिले में एक शिक्षक, उसकी पत्नी और दो बच्चों की हत्या से जाहिर है कि राज्य में संगठित अपराधी हों या आपराधिक मानसिकता वाले लोग, उनके भीतर पुलिस या कानून का कोई खौफ नहीं है। खबर के मुताबिक, हत्या के आरोपी ने रायबरेली से अपनी मोटरसाइकिल से अमेठी पहुंच कर इस हत्याकांड को अंजाम दिया, जिसमें उसने न केवल दंपति, बल्कि उनके दो छोटे बच्चों को भी लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मार दी और फरार हो गया।**



अमेठी जिले में एक शिक्षक, उसकी पत्नी और दो बच्चों की हत्या से जाहिर है कि राज्य में संगठित अपराधी हों या आपराधिक मानसिकता वाले लोग, उनके भीतर पुलिस या कानून का कोई खौफ नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अपने कामयाब शासनकाल के प्रचार में सबसे ज्यादा जोर इस पर दिया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान राज्य में अपराध पर काबू पाने के लिए जो अभियान चलाए गए, उससे वहां आपराधिक मानसिकता वाले खौफ से भरे हुए हैं और अपराध रुक गए हैं। मगर हकीकत यह है कि कुछ प्रचारित मामलों को छोड़ दिया जाए तो राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया लगता है। वे अब सामूहिक कत्लेआम करने से भी बाज नहीं आ रहे। अमेठी जिले में एक शिक्षक, उसकी पत्नी और दो बच्चों की हत्या से जाहिर है कि राज्य में संगठित अपराधी हों या आपराधिक मानसिकता वाले लोग, उनके भीतर पुलिस या कानून का कोई खौफ नहीं है। खबर के मुताबिक, हत्या के आरोपी ने रायबरेली से अपनी मोटरसाइकिल से अमेठी पहुंच कर इस हत्याकांड को अंजाम दिया, जिसमें उसने न केवल दंपति, बल्कि उनके दो छोटे बच्चों को भी लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मार दी और फरार हो गया। हालांकि इस मामले में एक से अधिक अपराधियों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, मगर अपराधियों और अपराध का खात्मा करने के सरकारी दावे के बरक्स यह हत्याकांड क्या दर्शाता है? सवाल है कि सरकार और पुलिस अब जिस सख्ती का दावा कर रही हैं, उसमें ऐसी निरंतरता क्यों नहीं होती, जिससे अपराधियों के भीतर कानून का खौफ पैदा हो! गौरतलब है कि करीब डेढ़ महीने पहले महिला ने छेड़छाड़, विरोध करने पर पति से मारपीट, जान से मारने की धमकी और जातिसूचक टिप्पणियां करने को लेकर एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस हत्याकांड में मुख्य रूप से उसी व्यक्ति के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। अब स्वाभाविक ही ये सवाल उठ रहे हैं कि उसके खिलाफ दर्ज मामले में समय रहते ठोस कार्रवाई की गई होती तो क्या चार लोगों की जान बचाई जा सकती थी? किसी अपराध के आरोपी को मुठभेड़ में मारे जाने की सुर्खियां इस हकीकत का जवाब नहीं हो सकतीं कि राज्य में आए दिन होने वाली आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधी बेखौफ दिखने लगे हैं।


# विश्व शांति के लिए खतरा बना ईरान, पश्चिमी एशिया में तनाव की आग और भड़की

**नसरुल्ला की मौत के जवाब में ईरान ने इजरायल पर मिसाइलों से हमला बोला। इजरायल ने इन मिसाइल हमलों का बदला लेने की कसम खाई है। इससे पहले इजरायल ने ईरान में हमास चीफ इस्माइल हानिया को भी ढेर किया था, लेकिन तब ईरान ने इजरायल पर कोई सीधी सैन्य कार्रवाई नहीं की थी। इस बार लेबनान में विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों में विस्फोटों के जरिये हजारों हिजबुल्ला आतंकियों के घायल होने और कई के मारे जाने और फिर नसरुल्ला की मौत के बाद ईरान अत्यंत मजबूर दिखने लगा और उसके द्वारा समर्थित विभिन्न आतंकी गुटों के भीतर ही ईरान की इजरायल नीति को लेकर आवाजें उठने लगी थीं।**

खोमैनी ने इस्लामिक शासन का जो कट्टरवादी माडल मुस्लिम जगत के सामने पेश किया उससे दुनिया भर के इस्लामिक कट्टरपंथी प्रभावित हुए। इसका एक परिणाम यह हुआ कि अरब जगत की तमाम सेक्युलर सरकारें और तानाशाह धीरे-धीरे अपनी लोकप्रियता खोते गए और इस्लामिक कट्टरपंथी मजबूत होते गए। जो सुन्नी राजशाहियां इस लहर में बच भी पाईं। दबाव हटाने के लिए दूसरे देशों में सुन्नी जिहादी संगठनों का समर्थन किया। हिजबुल्ला के मुखिया हसन नसरुल्ला की इजरायली हमले में मौत के बाद पश्चिमी एशिया में तनाव की आग और भड़क गई है। नसरुल्ला की मौत के जवाब में ईरान ने इजरायल पर मिसाइलों से हमला बोला। इजरायल ने इन मिसाइल हमलों का बदला लेने की कसम खाई है। इससे पहले इजरायल ने ईरान में हमास चीफ इस्माइल हानिया को भी ढेर किया था, लेकिन तब ईरान ने इजरायल पर कोई सीधी सैन्य कार्रवाई नहीं की थी। इस बार लेबनान में विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों में विस्फोटों के जरिये हजारों हिजबुल्ला आतंकियों के घायल होने और कई के मारे जाने और फिर नसरुल्ला की मौत के बाद ईरान अत्यंत मजबूर दिखने लगा और उसके द्वारा समर्थित विभिन्न आतंकी गुटों के भीतर ही ईरान की इजरायल नीति को लेकर आवाजें उठने लगी थीं। ईरान में 1979 की इस्लामिक क्रांति के चलते आयतुल्ला खोमैनी के नेतृत्व में बनी कट्टरपंथी इस्लामिक सरकार ने पूरे पश्चिमी एशिया में आतंकी संगठनों का जाल बिछाया। इस्लामिक जगत का नेतृत्व शिया वर्ग के हाथ में लेने के लिए खोमैनी के नेतृत्व वाले ईरानी शासनतंत्र ने पूरे विश्व के मुस्लिम मानस को प्रभावित करने वाले फलस्तीन के मुद्दे को चुना और इजरायल के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष छेड़ने के लिए हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठनों को समर्थन देना शुरू किया। शिया और सुन्नी इस्लाम के समीकरणों की एक खास बात यह है कि कोई सुन्नी मुसलमान शिया भी बन सकता है, क्योंकि मुस्लिम जगत में शिया अल्पसंख्यक हैं। इसलिए खोमैनी के कठमुल्ला तंत्र के लिए यह आवश्यक था कि वह सुन्नी अतिवादियों के भी एक तबके को अपने साथ ले। चूंकि अधिकांश सुन्नी अतिवादी शिया इस्लाम के कट्टर विरोधी हैं और आर्थिक रूप से सुन्नी अरब देशों पर निर्भर रहे हैं, इसलिए ईरान के लिए यह चुनाव आसान नहीं था। ऐसे में सुन्नी मुस्लिम ब्रदरहुड की फलस्तीन इकाई यानी हमास ईरान का औजार बनी। खोमैनी ने इस्लामिक शासन का जो कट्टरवादी माडल मुस्लिम जगत के सामने पेश किया, उससे दुनिया भर के इस्लामिक कट्टरपंथी प्रभावित हुए। इसका एक परिणाम यह हुआ कि अरब जगत की तमाम सेक्युलर सरकारें और तानाशाह धीरे-धीरे अपनी लोकप्रियता खोते गए और इस्लामिक कट्टरपंथी मजबूत होते गए। जो सुन्नी राजशाहियां इस लहर में बच भी पाईं, उन्होंने अपने ऊपर से दबाव हटाने के लिए दूसरे देशों में सुन्नी जिहादी संगठनों का समर्थन करना शुरू किया, जिसकी परिणति अलकायदा से लेकर तालिबान जैसे तमाम सुन्नी आतंकी संगठनों के उदय के रूप में हुई। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार तो खोमैनी के कठमुल्ला शासन का सुन्नी संस्करण ही थी। तालिबान सरकार के 1996 में सत्ता में आने पर उसे तीन देशों से ही मान्यता मिली थी- सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान। इनमें से पहले दो देशों का उद्देश्य ईरान से सटे अफगानिस्तान में खोमैनी के शिया इस्लामिक राष्ट्र जैसा ही एक प्रतियोगी सुन्नी शासनतंत्र खड़ा करना था, जिसका प्रमुख भी एक कट्टरपंथी मौलाना हो और जहां सुन्नी कट्टरपंथियों को इकट्ठा रखकर उनकी शक्ति को दूसरे देशों की ओर निर्देशित रखा जा सके। खोमैनी की इस्लामिक क्रांति का एक और प्रभाव यह भी हुआ कि दुनिया भर के अशांत मुस्लिम क्षेत्रों के लोगों को लगा कि हिंसा के माध्यम से सत्ता को पलटा जा सकता है। खोमैनी ने मुस्लिम जगत में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए इस भावना को खूब हवा भी दी और फलस्तीन से लेकर कश्मीर तक के मुसलमानों को अपने भाषणों के जरिये उकसाया। ईरान के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए सुन्नी देशों ने और बढ़-चढ़कर आतंकी संगठनों की सहायता की। इस प्रकार यह एक दुष्चक्र बन चुका है, जिसके चलते लाखों लोग जान गंवा चुके हैं।









# अजिंक्य रहाणे की टीम ने जीती ईरानी ट्रॉफी, 27 साल बाद मुंबई बनी विजेता, सरफराज प्लेयर ऑफ द मैच




लखनऊ। इकाना स्टेडियम में ईरानी ट्रॉफी का फाइनल डे रहा। मुंबई ने रेस्ट ऑफ इंडिया को हराकर 27 साल बाद ईरानी ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे की टीम ने ट्रॉफी जीती है।

दोहरे शतक से चूके सरफराज खान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है। शनिवार को मैच के 5वें दिन तनुष कोटियान ने नाबाद 114 रन बनाए। 9वें विकेट के लिए कोटियान और मोहित अवस्थी के बीच 163 गेंद पर 123 रनों की पार्टनरशिप हुई।

**पहली पाली में मुंबई ने बनाई थी बढ़त**

मुंबई ने पहली पारी में 121 रनों की बढ़त ली थी। पहली पारी में मुंबई ने 537 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाए थे। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम 416 रन ही बना पाई थी। दूसरी पारी में मुंबई की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 329 रन बनाए।नौवें विकेट के लिए मोहित अवस्थी और तनुष कोटियान ने 200 गेंद पर 158 रनों की पार्टनरशिप की। पहली पारी में बढ़त मिलने के बाद मुंबई की टीम ने रेस्ट ऑफ इंडिया को दूसरी पारी खेलने का मौका नहीं दिया।

मुंबई की टीम ने 450 रनों की बढ़त रेस्ट ऑफ इंडिया पर बना लिए थे। मुंबई का यह 16वीं ईरानी ट्रॉफी है। एक ट्रॉफी मुंबई ने दूसरी टीम के साथ में शेयर की थी।

ईरानी ट्राफी जीतने के बाद मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि लाल मिट्?टी की पिच पर हम वानखेड़े में भी खेलते हैं। हमें अनुमान था कि पिच किस तरह से विहैव करेगी। तनुष कोटियान ने शानदार खेल दिखाया है।

रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान ऋितुराज गायकवाड ने कहा कि सरफराज और तनुष के बीच में बड़ी पार्टनरशिप हुई। पहली इनिंग में शार्दुल ने भी इसमें कुछ रन जोड़ दिए। इससे कठिनाई बढ़ी। ध्रुव जुरैल, अभिमन्यू ईश्वरन ने अच्छा खेल दिखाया। सारांश जैन ने दूसरी पारी में अच्छी गेंदबाजी की।

**मुंबई के लिए दूसरी पारी में शॉ का अर्धशतक**

दूसरी पारी में मुंबई का पहला विकेट 52 रन के स्कोर पर गिरा। पृथ्वी शॉ ने हाफ सेंचुरी लगाई। वह 105 बाल पर 76 रन बनाकर आउट हुए। पारी में 8 चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद सारांश जैन और मानव सुधार की जोड़ी ने नियमित अंतराल पर विकेट लिए।

विकेट गिरने के बाद खुशी मनाते मुंबई के खिलाड़ी।

**चौथा दिन स्पिनर्स के नाम रहा, मुंबई को मिली बढ़त**

ईरानी ट्रॉफी का चौथा दिन स्पिनर्स के नाम रहा है। इस दौरान पूरे दिन में स्पिनर्स ने 11 विकेट लिए। सिर्फ यश दयाल रन आउट हुए। मुंबई की टीम ने मैच खत्म होने तक 274 रन की बढ़त बनाई थी। पहले तीन दिन का मैच बल्लेबाजों और पेसर्स के नाम रहा।

मैच के चौथे दिन रेस्ट ऑफ इंडिया ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 289 रनों से आगे खेलना शुरू किया। इस दौरान पूरी टीम 10 ओवर में 416 रनों पर ऑल आउट हो गई। तनुष कोटियान और शम्स मुलानी ने 3-3 विकेट और मोहित अवस्थी को 2 विकेट मिला। मोहम्मद जुनैद को एक विकेट मिला। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया के आउट होने पर मुंबई को 121 रनों की बढ़त मिली। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई की टीम ने 40 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बना लिए हैं। मुंबई की टीम ने रेस्ट ऑफ इंडिया पर 274 रनों की बढ़त ली है। मुंबई की टीम ने पहली पारी में 537 रन बनाए थे।

# पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे स्टोक्सःकहा- इंजरी से पूरी तरह रिकवर नहीं हुआ




**मुल्तान।** इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच नहीं खेल सकेंगे। 33 साल के क्रिकेटर ने शनिवार को मुल्तान में ट्रेनिंग सेशन के बाद कहा कि मैं इंजरी से पूरी तक रिकवर नहीं कर पाया हूं। वे 2 महीने पहले हंड्रेड लीग के दौरान चोटिल हो गए थे।

स्टोक्स की जगह ओली पॉप टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में क्रिस वोक्स या ब्रायडन कार्स को मौका मिल सकता है। वोक्स ढाई साल से ओवरसीज टेस्ट में मौके का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने एशियन ग्राउंड पर आखिरी टेस्ट 2016 में खेला था। वहीं, कार्स को डेब्यू कैप का इंतजार है। पाकिस्तान के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज 7 अक्टूबर से शुरू हो रही है।

इंग्लैंड की टीम लगातार चौथे मुकाबले में बेन स्टोक्स के बिना उतरेगी। वे पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे। उस सीरीज में ओली पॉप ने कप्तानी की थी। घरेलू सीरीज को इंग्लैंड ने 2-1 से अपने नाम किया था।स्टोक्स रविवार को द हंड्रेड लीग में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की ओर से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। ओल्ड ट्रैफर्ड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ वे एक रन लेने के बाद अचानक रुक गए और उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।स्टोक्स ने घुटने की चोट से रिकवरी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग और टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर रहने का फैसला किया। फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में 34.20 की औसत से पांच विकेट लेकर इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर 3-0 से सीरीज में जीत दिलाई।

# साउथ अफ्रीका ने आयरलैंड को 174 रन से हराया, वनडे सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका ने वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में आयरलैंड पर 174 रनों की बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत के दम पर टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। साउथ अफ्रीका ने बुधवार को पहला मैच 139 रन से जीता था। आखिरी मुकाबला 7 अक्टूबर को अबु धाबी में खेला जाएगा।

शुक्रवार रात खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 50 ओवर में 4 विकेट पर 343 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम 30.3 ओवर में 169 रन ही बना सकी। ट्रिस्टन स्टब्स ने 81 गेंद पर नाबाद 112 रन बनाए। उनकी इस पारी में आठ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। स्टब्स का ये पहला वनडे शतक है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

साउथ अफ्रीका के लिए तेम्बा बवुमा और रयान रिकेल्टन के बीच पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी हुई। तेम्बा बवुमा 35 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। इसके बाद रैसी वैन डेर डूसन के 35 और रयान रिकेल्टन के 40 रन की मदद से साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही। इसके बाद स्टब्स ने जिम्मेदारी संभाली। उन्हें काइल वेरिन ( 67) और वियान मुल्डर (43) का अच्छा साथ मिला।

# मेगा ऑक्शन नियम से खुश नहीं हैं आधी आईपीएल फ्रेंचाइजी, राइट टु मैच में बदलाव पर सबसे ज्यादा विवाद



**नई दिल्ली।** आईपीएल मेगा ऑक्शन के नियमों में बदलाव से कुछ टीमें खुश नहीं हैं। सबसे ज्यादा विवाद राइट टु मैच नियम में बदलाव को लेकर हो रहा है। कुछ टीमों ने बीसीसीआई को लेटर लिखकर आपत्ति भी जताई है।

बोर्ड ने 28 सितंबर को लीग की नई रिटेंशन पॉलिसी लागू की थी, इनमें राइट टु मैच कार्ड नियम की वापसी हुई। इस नियम के अनुसार, टीमें अगर किसी प्लेयर को रिटेन नहीं कर पाती हैं, तो उन्हें मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड का इस्तेमाल कर अपने साथ रख सकेंगी। हालांकि, इसमें एक बदलाव हुआ है जो टीमों को पसंद नहीं आ रहा। मान लीजिए, रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने रिटेन नहीं किया। उनका नाम ऑक्शन में आया और उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10 करोड़ रुपए में खरीद लिया। अब अगर मुंबई चाहे तो आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर रोहित को 10 करोड़ रुपए में अपने साथ ही रख सकती है।

**किस नियम पर विवाद हुआ है?**

नई रिटेंशन पॉलिसी में राइट टु मैच कार्ड की वापसी हुई है। इसी नियम पर विवाद हुआ है। इस नियम के अनुसार, टीमें चाहें तो अपने नॉन-रिटेन (जिसे रिटेन नहीं किया गया है) को नीलामी के दौरान अपने पास रख सकती हैं।

**राइट टु मैच कार्ड के नियम में क्या बदलाव हुआ है।**


इस बार एक नया क्लॉज जोड़ा गया। जिसके अनुसार नॉन रिटेन खिलाड़ी पर बोली लगाने वाली टीमों के पास राइट टु मैच कार्ड के बाद खिलाड़ी की कीमत बढ़ाने का मौका रहेगा। मान लीजिए, चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 प्लेयर रिटेन किए और उनके पास एक ऋञ्जरू कार्ड बचा है। टीम मोईन अली को रिटेन नहीं कर सकी। अब अगर ऑक्शन में हैदराबाद ने मोईन को 6 करोड़ रुपए देकर खरीदा, तो चेन्नई अपने ऋञ्जरू कार्ड का इस्तेमाल कर मोईन को अपनी टीम में ही रख सकती है। नए क्लॉज के अनुसार, जैसे हैदराबाद ने मोईन पर 6 करोड़ की बोली लगाई और सीएसके ने आरटीएम कार्ड यूज किया, तो हैदराबाद उस कीमत को बढ़ा कर 9 या 10 करोड़ रुपए तक भी कर सकती है। अब अगर सीएसके ने आरटीएम कार्ड यूज किया तो उन्हें बढ़ी हुई कीमत में मोईन को खरीदना होगा। अगर सीएसके ने आरटीएम कार्ड यूज नहीं किया तो मोईन बढ़ी हुई कीमत में हैदराबाद के पास चले जाएंगे।

**क्लॉज पर विवाद क्यों हुआ है?**

इस क्लॉज से राइट टु मैच कार्ड यूज करने वाली टीम का नुकसान होगा। या तो उसे ज्यादा पैसे देने होंगे या फिर खिलाड़ी को छोड़ना होगा।

**फ्रेंचाइजी का क्या कहना है?**

# रोहित शर्मा अबु धाबी में हो रहे एनबीए का मजा उठा रहे



**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीत ली है. जिसके बाद भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है. क्योंकि रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. इसलिए वह इस सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं और अपनी छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे हैं. इस बीच अबु धाबी में हो रहे एनबीए की उनकी कई फोटोज वायरल हो रही हैं. इसमें उनके साथ उनकी वाइफ रितिका सजदेह भी नजर आ रही हैं. महान फुटबॉल गोलकीपर इकर कैसिलास के साथ रोहित शर्मा की एक फोटो भी वायरल हो रही है।अबू धाबी के एतिहाद एरिना में हो रहे एनबीए गेम में 4 अक्टूबर को डेनवर नगेट्स और बोस्टन सेल्टिक्स के बीच मुकाबला था. इस दौरान भारतीय वनडे और टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी अपनी वाइफ रितिका सजदेह के साथ वहां मौजूद थे. एनबीए ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोहित शर्मा की फोटो शेयर की।

## व्यापार

# सितंबर में वेज थाली की कीमत 11 प्रतिशत बढ़ी प्याज-आलू और टमाटर के भाव ने दाम बढ़ाए



**नई दिल्ली।** भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर में (सालाना आधार पर) 11 प्रतिशत बढ़कर 31.3 रुपए हो गई। पिछले साल सितंबर 2023 में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपए थी। क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत में पिछले महीने अगस्त की तुलना में सितंबर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगस्त में वेज थाली की कीमत 31.2 रुपए थी।वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत सितंबर में सालाना आधार पर 2 प्रतिशत गिरकर 59.3 रुपए हो गई। पिछले साल सितंबर 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 60.7 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी अगस्त की तुलना में सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगस्त में नॉन-वेज थाली की कीमत 59.3 रुपए ही थी।क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, सब्जियों के दाम बढ़ने के चलते वेज थाली कॉस्ट में बढ़ोतरी हुई है। वेज थाली कॉस्ट में सब्जियों की 37 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। सालाना आधार पर प्याज, आलू, टमाटर और दाल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वेज थाली की कॉस्ट में ये बढ़त देखने को मिली है। वहीं सालाना आधार पर एलपीजी सिलेंडर 11 प्रतिशत सस्ता हुआ है।

वहीं नॉन वेज थाली की कीमत में ये गिरावट ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की कमी के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।

# जियो फाइनेंशियल-ब्लैकरॉक के म्यूचुअल फंड बिजनेस को सेबी की मंजूरी, फाइनल अप्रूवल मिलना अभी बाकी




नई दिल्ली। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और ब्लैकरॉक के जॉइंट वेंचर को भारत में म्यूचुअल फंड सेक्टर में एंट्री के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने इन प्रिंसिपल अप्रूवल दे दिया है। जियो ने शुक्रवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी।

म्यूचुअल फंड के लिए दोनों कंपनियां को-स्पॉन्सर्स के रूप में काम करेंगी। जियो ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि अभी रजिस्ट्रेशन के लिए सेबी से फाइनल अप्रूवल मिलना बाकी है। सेबी अंतिम मंजूरी तब देगी जब जियो फाइनेंशियल और ब्लैकरॉक लेटर में बताई गई शर्तों को पूरा कर लेगें।

जियो के म्यूचुअल फंड सेक्टर में एंट्री से 66 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट वाले म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में कॉम्पिटिशन और बढ़ने की संभावना है।

दोनों कंपनियों ने जुलाई 2023 में म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए पार्टनरशिप की थी और अक्टूबर 2023 में सेबी के पास लाइसेंस के लिए अप्लाई किया था। दोनों कंपनियों ने भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनेस के लिए 15 करोड़ डॉलर का निवेश करने की घोषणा की थी।जियो फाइनेंशियल सर्विस का शेयर बीते दिन शुक्रवार को 1.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 338.95 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं, पिछले 6 महीने में शेयर ने 9.18 प्रतिशत का निगेटिव रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले एक साल में जियो फाइनेंशियल के शेयर ने 50.38त्न का पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस जुलाई 2023 में अपनी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुआ था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था।

# मार्क जुकरबर्ग दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी बने, जेफ बेजोस और बर्नार्ड अर्नाल्ट को पीछे छोड़ा



**नई दिल्ली।** जेफ बेजोस और बर्नार्ड अर्नाल्ट को पीछे छोड़कर मेटा के ष्टश्वह्र मार्क जुकरबर्ग दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, जुकरबर्ग की नेटवर्थ अब 211 बिलियन डॉलर यानी 17.73 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 263 बिलियन डॉलर (22.09 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर आदमी बने हुए हैं। दुनिया के सबसे अमीरों की लिस्ट में अमेजन के ष्टश्वह्र जेफ बेजोस 209 बिलियन डॉलर (17.56 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं। वहीं एलवीएमएच के सीईओ बर्नार्ड अर्नाल्ट 193 बिलियन डॉलर (16.21 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ चौथे नंबर पर मौजूद हैं।

**2024 में जुकरबर्ग की नेटवर्थ 78.1 बिलियन डॉलर बढ़ी**

2024 में मार्क जुकरबर्ग की नेटवर्थ में अब तक 78.1 बिलियन डॉलर (?6.5 लाख करोड़) की ग्रोथ हुई है। इसके साथ ही जुकरबर्ग 200 बिलियन डॉलर नेटवर्थ क्लब में भी शामिल हो गए हैं। इस क्लब में मस्क और बेजोस पहले से ही शामिल हैं। वहीं संपत्ति घटने की वजह से बर्नार्ड अर्नाल्ट इस क्लब से बाहर हो गए हैं।

2004 में फेसबुक की स्थापना करने वाले जुकरबर्ग की संपत्ति का बहुत बड़ा हिस्सा मेटा प्लेटफॉर्म की सफलता का ही नतीजा है। इस साल मेटा के शेयरों में 72 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी का शेयर 595.94 डॉलर के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया है। मेटा के पास फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं।

25 सितंबर को मेटा कनेक्ट 2024 इवेंट में 40 साल के जुकरबर्ग ने कहा था कि मेटा७ढ्ढ दुनिया भर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला डिजिटल असिस्टेंट बनने की राह पर है। उन्होंने कहा था कि यह सर्विस 500 मिलियन एक्टिव यूजर्स तक पहुंचने के करीब है और यूरोपीय यूनियन जैसे बड़े मार्केट में इसके और विस्तार की उम्मीद है।

# पीएम मोदी ने किसानों को दिया नवरात्रि का उपहार, किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार, 5 अक्टूबर को देश के करोड़ों किसानों को नवरात्रि का उपहार देते हुए किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी है. महाराष्ट्र दौरे पर गए पीएम मोदी ने करीब 9.4 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए. इन सभी किसानों के अकाउंट में 2000 रुपये ट्रांसफर किए गए. पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों को केंद्र सरकार की ओर से कुल 3.45 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

**फरवरी, 2019 में शुरू हुई थी पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम**

पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम को 24 फरवरी, 2019 को लॉन्च किया गया था. इसमें 3 बराबर किस्तों में किसानों को सालाना 6,000 रुपये ट्रांसफर किए जाते हैं. डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (ष्ठक्चञ्ज) के माध्यम से यह पैसा किसानों के अकाउंट में जाता है. महाराष्ट्र में इस योजना की 17 किस्तों में लगभग 1.20 करोड़ किसानों को करीब 32,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं. यह भारत में दूसरे नंबर पर आता है. सम्मान निधि की 18वीं किस्त में राज्य के लगभग 91.51 लाख किसानों को 1,900 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा. इसके अलावा पीएम मोदी ने नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की 5वीं किस्त के तहत महाराष्ट्र के किसानों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ भी दिया.

**2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए**

इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम में 732 कृषि विज्ञान केंद्र, 1 लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और देश भर के 5 लाख सामान्य सेवा केंद्र समेत लगभग 2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से शामिल हुए.

# अमरकंटक में अनेक वर्षों बाद फिर से विजया दशमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

## - दो बैठकों बाद नगरवासी , साधु संत और दुर्गा समितियों के सहयोग से 31 फुट ऊंचा बनेगा रावण

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** माँ नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में एक लंबे अर्से के बाद विजया दशमी महोत्सव मनाने हेतु इस बार 31 फूट ऊंचा रावण बनाने जा निर्णय लिया गया तथा विजया दशमी को समस्त नगरवासी, विसर्जन हेतु पंडालों की प्रतिमाओ तथा नगर परिषद अधिकारी, पार्षदगण, पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में रावण दहन किया जायेगा। शुक्रवार को दूसरी बैठक नगर परिषद के सभागार में आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व कुछ वर्षो जैसे ही विजया दशमी महोत्सव को धूमधाम से मनाया जाता था, उसी तर्ज पर इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक में संत समाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, न.परि.उपाध्यक्ष, पार्षदगण, दुर्गा पूजा पंडालों के समितिगण, गणमान्य नागरीकगणों की उपस्थिति में सभी से अपेक्षा सहयोग



के साथ यह निर्णय लेते हुए जवाबदेही सौंपी गई कि नगर परिषद को पानी, लाइट, बेरिकेटिंग तथा पुलिस प्रशासन भीड़ पर कंट्रोल तथा अप्रिय घटना, भगदड़ आदि पर नजर रखने, विजया दशमी महोत्सव हेतु गठित टीम को सौंपी गई जवाब देहि कार्य को समय पर पूर्ण कराने एवं विसर्जन हेतु आई जो दुर्गा प्रतिमाएं नर्मदा मंदिर दर्शन बाद रात्रि 8.30 पर रामघाट क्षेत्र रावण दहन स्थल पर आवश्यक रूप से पहुंच कर रात्रि 9 बजे विजया दशमी उत्सव का आनंद लें। रावण दहन पूर्ण होने के बाद सभी उपस्थित दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन स्थल की ओर रवाना होंगी। अमरकंटक के संत समाज और नगर वासियों के सहयोग से आयोजित विजया दशमी महोत्सव को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व बड़ी ही सादगी और शांति पूर्ण से मनाने का आह्वान भी किया गया है। दो बार की बैठक बाद सभी की सहमति से पांच छः वर्षो बाद रावण दहन के आयोजन कार्यक्रम करने का निर्णय किया गया। रावण बनाने वाले कलाकार बाहर से आवेंगे और पूर्व स्थल रामघाट पास मैदान में कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

बैठक में मुख्य रूप से संत मंडल सचिव स्वामी लवलीन महाराज, कोषाध्यक्ष स्वामी धर्मानंद महाराज, उपाध्यक्ष स्वामी महेश चैतन्य महाराज, सीएमओ भूपेंद्र सिंह बघेल, न.परि. उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, पार्षद दिनेश द्विवेदी, पवन तिवारी, प्रकाश द्विवेदी, ओमप्रकाश अग्रवाल, अभिषेक द्विवेदी, रामगोपाल, दिनेश साहू, शिव खैरवार, स्वामी राजेश जी, ब्रम्हचारी प्रवीण जी, सनत पांडेय, पत्रकार उमाशंकर पांडेय, श्रवण उपाध्याय, दुर्गा उत्सव समितिगण, नगरवासी आदि अनेकों लोगो की उपस्थिति रही।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी हासिल करें नए कीर्तिमानः कलेक्टर

## - डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों का मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्वयं करें निरीक्षण
## - कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत नगरीय निकायों में किए जा रहे कार्यों के प्रगति की की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत शहर को साफ एवं सुंदर बनाएं तथा नए कीर्तिमान स्थापित करें। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जाए। नगरों के बाजारों को व्यवस्थित कर नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों तथा झुग्गी बस्तियों की बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरा वाहन डोर-टू-डोर सभी गली-मोहल्लों में पहुंचे तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों का व्यक्तिगत रूप से स्वयं निरीक्षण करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिले के सभी नगरपालिकाओं एवं नगर परिषदों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित जिले के सभी नगरपालिकाओं एवं नगर परिषदों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में



स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि जिले के पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों का बेहतर रखरखाव एवं साफ सफाई कराया जाए। सामुदायिक शौचालयों का निरंतर संचालन किया जाए तथा वहां साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु प्लास्टिक के बदले लोगों को कपड़े एवं जूट के थैले एवं बैग का प्रयोग करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत अपने-अपने नगरीय क्षेत्रों में नए-नए नवाचार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा गंदगी करते पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक को निर्देशित किया कि अमरकंटक में किसी भी दार्शनिक एवं पर्यटन स्थल पर गंदगी नहीं होनी चाहिए। अमरकंटक के कपिलधारा, सोनमूढ़ा, माई की बगिया, कबीर चबूतरा तथा विभिन्न सरोवरों का बेहतर साफ सफाई कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों में ऐसे क्षेत्र जहां हमेशा लोग कचरा फेंकते है या गंदगी करते हैं, वहां रेड स्पॉट चिन्हित किया जाए तथा वहां की साफ-सफाई कराकर सतत् मॉनिटरिंग की जाए तथा जो व्यक्ति सफाई के पश्चात् कचरा फेंकता है, उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को समय-सीमा में सभी निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों में बेहतर पेंटिंग, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता लाई जाए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों के जल प्रबंधन, कचरा डंपिंग, जन जागरूकता अभियान, शिकायत पर कार्यवाही, युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा, नगरीय क्षेत्रों के स्थानीय ब्रांड एंबेसडर एवं स्वच्छता चैंपियन, जल संरचनाओं की साफ सफाई सहित अन्य विभिन्न विषयों पर आवश्यक चर्चा करते हुए जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# फ्लाईओवर ब्रिज की निर्माणकर्ता नहीं रख रहे हैं सुरक्षा का ध्यान, कभी भी हो सकती है बड़ी घटना

(ब्यूरो राजेश शिवहरे )

**अनूपपुर।** चार वर्ष से अधिक समय से निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज (एजेंसी लोक निर्माण विभाग, सेतू) इन दिनों टॉकीज के सामने से निर्माण कार्य फिर से शुरू हुआ है, जिसमें एक बहुत बड़ा सा गड्ढा बनाया गया है, जिसमें बहुत गहराई तक पानी भरा हुआ है, गड्ढे के आसपास किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा नहीं बनाया गया है, जबकि इससे थोड़ी दूर पर ही भारत ज्योति स्कूल है, छोटे छोटे बच्चे इसी



रास्ते से स्कूल जाते-आते हैं, कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटती हो सकती है, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित विभाग के अधिकारीयों एवं निर्माण करता कि होगी। अनूपपुर जिले के संवेदनशील कलेक्टर हर्षल पंचोली से अपेक्षा है कि तत्काल इस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित करें कि निर्माण स्थल पर पक्का घेरा बनाकर इस तरह का कार्य करें, जिसे होने वाले दुर्घटना से बचा जा सके।

# अमरकंटक के कल्याण सेवा आश्रम में नवरात्रि पर्व पर होती है विशेष साज-सज्जा





(ब्यूरोराजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** माँ नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मां भगवती शक्ति देवी दुर्गा जी की विशेष पूजन अर्चन किया जाता है, आश्रम में स्थित मंदिर प्रांगण व आश्रम को विशेष तौर पर सजाया जाता है,कल्याण सेवा आश्रम से जुड़े सैकड़ों भक्तो का आवागमन इस विशेष पर्व पर होता है। वीतराग तपस्वी बाबा कल्याण दास जी स्वतः मंदिर में संध्या कालीन 51 दीपो की महाआरती करते हैं तथा प्रबंधन्यासी स्वामी हिमांद्री मुनि जी खड़ग आरती करते नजर आएंगे, आश्रम में रात्रि निशा हवन होता है,108 काशी के मूर्धन्य ब्राम्हणों द्वारा नित्य दुर्गा सप्तशती पाठ, पूजन, आराधना की जाती है। इस तरह नवरात्रि महोत्सव को कल्याण सेवा आश्रम में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है।

# सुनहरी आवाज़ वाला बाइकरः इंडियन आइडल में 'कैसे हुआ' पर इप्सित पति के दमदार परफ़ॉर्मेंस के बाद बादशाह ने उसे 'सुरों का स्ट्राइकर' कहा

फोटो सिंगर

भारत का सबसे बड़ा सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर अपना बहुप्रतीक्षित सीज़न 15 लेकर वापस आ गया है! ऑडिशन शुरू होने के साथ, स्पॉटलाइट उन प्रतियोगियों पर है, जिन्हें इस प्रतिष्ठित मंच पर और इसके बाद की ज़िंदगी में मिलने वाले अनन्य अवसरों को हासिल करने के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना होगा। असाधारण आवाज़ों और सम्मोहक कहानियों की तलाश में, इस सीज़न के जज पैनल में बहुचर्चित रैपर बादशाह, दिल छूने वाली आवाज़ की मलिका श्रेया घोषाल और प्रशंसित संगीतकार/कलाकार विशाल ददलानी शामिल हैं। साथ मिलकर, वे भारत के अगले सिंगिंग सेंसेशंस की तलाश में हैं।

कई असाधारण प्रतियोगियों में से एक हैं भुवनेश्वर के इप्सित पति, जो एक ट्रैवल व्लॉगर और भगवान शिव के भक्त हैं। इप्सित ने भुवनेश्वर से त्र्यंबकेश्वर तक के अपने आध्यात्मिक और साहसिक सफर की शुरुआत की थी, जिसके बाद वह अपने ऑडिशन के लिए फिर मुंबई पहुंचे। अपने परफ़ॉर्मेंस से पहले एक खुशनुमा बातचीत के दौरान, बाइकिंग के प्रति अपने साझा जुनून के कारण इप्सित और विशाल ददलानी के बीच बहुत



अच्छी ट्यूनिंग बन गई। विशाल ने अपने शुरुआती बाइकिंग के दिनों को बड़ी खूबी से याद किया, जबकि इप्सित ने खुलासा किया कि उनके आध्यात्मिक सफर को डॉक्यूमेंट करने वाला उनका व्लॉग अधूरा है, और अपने अंतिम अध्याय की प्रतीक्षा में है।

जब इप्सित ने फिल्म 'कबीर सिंह' से 'कैसे हुआ' पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी, तो उनकी गायन कुशलता ने जजों को हैरान कर दिया। उनके परफ़ॉर्मेंस ने रूम को मंत्रमुग्ध कर दिया, और जज उनकी भावनात्मक आवाज़ पर मोहित हो गए। बादशाह उनसे खासतौर पर प्रभावित थे। उन्होंने कहा, 'जब आपने गाया, तो ऐसा लगा जैसे यह आपका अपना गाना है। आपने इसे पूरी तरह अपना बना लिया। यह मेरे पसंदीदा गानों में से एक है, और आपने इसे बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया है।' उन्होंने मज़ाकिया अंदाज़ में कहा, 'कहने को है बाइकर, लेकिन है 'सुरों का स्ट्राइकर'।'

श्रेया घोषाल ने भी उनकी तारीफ करते हुए स्वीकार किया, 'मुझे लगा था कि आप एक एडवेंचरर हैं, जो संगीत को लेकर भी जुनूनी है। लेकिन आपकी आवाज़ ही आपकी असली पहचान है। आप इस गाने से बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं, और वह भावना हर नोट में झलकती है। आप किसी हीरो की आवाज़ नहीं हैं, आपकी आवाज़ ही असली हीरो है।'

विशाल ददलानी ने उनकी सबसे बड़ी प्रशंसा करते हुए कहा, 'मैं भी बाइकर हुआ करता था, और अब मैं सोच रहा हूं कि इसके बाद आप बाइक टूर नहीं बल्कि सिंगिंग टूर करेंगे! आपकी आवाज़ बेहद ताकत से गूंजती है, और आपने कैसे हुआ को वाकई अपना बना लिया। मुझे लगता है कि आपके साथ बाइक ट्रिप के मेरे सपने को इंडियन आइडल के बाद तक का इंतज़ार करना होगा।'

अपने अनूठे सफर और बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस के साथ, इप्सित की कहानी ने कई लोगों के दिलों को जीत लिया है। क्या वह गोल्डन टिकट हासिल कर पाएंगे और अपने व्लॉग को उच्च स्तर पर समाप्त कर पाएंगे?

इंडियन आइडल सीज़न 15 देखते रहें, क्योंकि ऑडिशन में इप्सित पति जैसी असाधारण प्रतिभाएं सामने आएंगी।

# सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में सुशीला के बच्चे को बचाने की कोशिश में पुष्पा की उग्र नारी शक्ति की दिखी चमक

**मुंबई।** सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक कहानी के साथ दिलों को जीत रहा है। वह एक मजबूत इरादों वाली महिला है जो जीवन की चुनौतियों का सामना अटूट उम्मीद के साथ करती है। हाल के एपिसोड्स में नाटकीय मोड़ आया है क्योंकि रविराज (रंजीत खन्ना) और प्रभास (भव्य गांधी) ने सुशीला (तूलिका पटेल) के बच्चे का अपहरण कर लिया है और बच्चे की रिहाई के बदले अश्विन (नवीन पंडिता) की जान की मांग कर रहे हैं। आगामी एपिसोड्स में तनाव और भी बढ़ने वाला है क्योंकि पुष्पा सुशीला के बच्चे रोशन को बचाने के लिए एक खतरनाक मिशन पर निकलती है। रविराज एक डरावना अल्टीमेटम जारी करते हुए कहता है, 'बेटे के बदले बेटा!' इस भयानक मांग का सामना करते हुए, पुष्पा की प्रचंड मातृ प्रवृत्ति और अजेय नारी शक्ति सतह पर आ जाती है। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जाती है, पुष्पा पीछे हटने से इनकार कर देती है। बेजोड़ साहस और दृढ़ संकल्प के साथ, वह देवी दुर्गा की शक्ति को दर्शाती है, एक नाटकीय मुकाबले में मासूम बच्चे को बचाने के



लिए सब कुछ जोखिम में डालती है। क्या पुष्पा की अपार इच्छाशक्ति बच्चे को बचाने और उसके परिवार की रक्षा करने के लिए पर्याप्त होगी? दर्शक अपनी सीटों के किनारे पर होंगे क्योंकि वे सभी बाधाओं के खिलाफ उसकी लड़ाई देखेंगे। पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, 'पुष्पा अपने जीवन की सबसे कठिन लड़ाइयों में से एक का सामना कर रही है। भावनात्मक रूप से, वह डर और दृढ़ संकल्प के बीच फंसी हुई है। वह न केवल अपने परिवार की सुरक्षा के लिए लड़ रही है; वह अपराधबोध, दर्द और अपनी जिम्मेदारियों के बोझ से लड़ रही है। अराजकता के बावजूद उसका प्यार और लचीलापन उसे आगे बढ़ने की ताकत देता है। इस क्षण में पुष्पा वास्तव में नारी शक्ति का सार है - उसका साहस भीतर से आता है, और वह तब तक नहीं रुकेगी जब तक उसका परिवार सुरक्षित नहीं हो जाता।'

सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल को हर सोमवार से शनिवार रात 9.35 बजे देखें

# आसान टैक्स भुगतान की सुविधा देने के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक जीएसटी पोर्टल पर लाइव हुआ

## - जीएसटी भुगतान के लिए बैंक को भारत सरकार से मिली अनुमति
## - यह सेवा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहकों के लिए होगी उपलब्ध

**भोपाल।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जीएसटी पोर्टल के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की है, जिससे अब बैंक के ग्राहकों के लिए जीएसटी भुगतान करना और भी आसान होगा। इसी के साथ ग्राहकों को तुरंत भुगतान की पुष्टि और चालान डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी, जिससे यह अनुभव और सरल हो जाएगा।

IDFC FIRST Bank
ALWAYS YOU FIRST

इस नए एकीकरण के जरिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं, रिटेल और कॉर्पोरेट प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ देशभर में मौजूद बैंक की किसी भी शाखा से भी जीएसटी का भुगतान कर सकेंगे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल लाइबिलिटीज़ और ब्रांच बैंकिंग हेड, चिन्मय ढोबले ने कहा, 'हम एक कस्टमर-फर्स्ट बैंक हैं और अपने ग्राहकों को सरल, उपयोग में आसान समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीएसटी पोर्टल के साथ यह एकीकरण हमारे हर प्रकार के बैंकिंग समाधान प्रदान करने के मिशन का एक और कदम है। हमारा उद्देश्य है कि हमारे ग्राहक आसानी से और बिना किसी परेशानी के जीएसटी का भुगतान कर सकें। हम अपने ग्राहकों से आग्रह करते हैं कि वे इस सुविधा का उपयोग करें और हमारी ऑनलाइन और शाखा सेवाओं के माध्यम से आसानी से अपना जीएसटी भुगतान करें।'

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक उन चुनिंदा प्राइवेट सेक्टर बैंकों में से एक है जिन्हें जीएसटी कलेक्शन के लिए अधिकृत किया गया है, जिससे बैंक की वित्तीय सेवाएं देने की प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की इंटरनेट बैंकिंग से जीएसटी भुगतान इस प्रकार कर सकते हैं:

1. जीएसटी पोर्टल पर लॉग इन करें: https://services.gst.gov.in/services/login
2. चालान बनाएं और नेट बैंकिंग से ई-पेमेंट का विकल्प चुनें
3. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को पेमेंट ऑप्शन के रूप में चुनें
4. भुगतान पूरा करें और जीएसटी भुगतान चालान डाउनलोड करें

इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक जीएसटी अधिकारियों के साथ मिलकर यूपीआई और कार्ड पेमेंट जैसे और भी विकल्प जोड़ने पर भी काम कर रहा है।

For more information, please visit www.idfcfirst-bank.com.

# शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में सेवानिवृत्त प्राध्यापक सम्मानित

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में डॉ आईबी सिंह सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्राचार्य एवं अतिरिक्त



संचालक का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एसएस सेंगर, डॉ आईबी सिंह, भूविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुयश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ सुयश कुमार ने कहा कि आज समाज में वृद्धजनों को यथोचित सम्मान, सेवा एवं श्रद्धा में कमी आई है और यह स्थिति अत्यन्त दुःखद है। उन्होंने छात्रों का आवाह्न किया कि वे परिवार एवं समाज में वृद्धजनों को सम्मान दें और उनके अनुभवों से सीखें, उनके आशीष से ही जीवन में सफ्लता प्राप्त होगी। इस मौके पर डॉ गिरीश शर्मा, डॉ एके त्रिपाठी, डॉ डीपी शर्मा, डॉ रीटा गुलाटी, डॉ शोभिता उपाध्याय, डॉ मधुकर उपाध्याय, डॉ एसी रघुवंशी, डॉ विनोद सेवरिया, डॉ गजेन्द्र रायपुरिया, डॉ सुधाकर शाक्य, डॉ गरिमा शर्मा, डॉ दीपा यादव सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा शर्मा ने किया।

.... शेष पृष्ठ एक का

# मेरे पिताश्री ने सेवाभाव के मिशन के साथ अपना जीवन जियाः ज्योतिरादित्य सिंधिया

ग्वालियर के विकास में एलीवेटेड रोड, नया एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन व अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम जैसे बड़े-बड़े आयाम जुड़े हैं। विकास की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि स्व. माधवराव सिंधिया जी ने दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी की मदद की। इसीलिए वे लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उसी भाव के साथ क्षेत्र की सेवा में जुटे हैं। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि जिला चिकित्सालय मुरार में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं संसाधन उपलब्ध कराने में प्रदेश सरकार से हर संभव मदद दिलाई जायेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामबरन गुर्जर, बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र यादव तथा कमल माखीजानी, पारस जैन व अशोक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। कार्यक्रम में स्व. सिंधिया को स्वरांजलि भी अर्पित की गई।

# सशक्त और समृद्ध किसान, आत्मनिर्भर भारत की पहचानः कृषि मंत्री कंषाना

## प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त हस्तांतरित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत शनिवार को 9.5 करोड़ लाभार्थी किसानों को 18वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ रूपये की धनराशि हस्तांतरित की है। इतनी बड़ी राशि हस्तांतरित होने से हमारे किसान भाईयों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह बात प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कृषि उपज मंडी प्रांगण मुरैना में आयोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि वितरित कार्यक्रम में संबोधित करते हुये कही। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जनपद अध्यक्ष मुरैना मोहर सिंह कंषाना, जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर अंकित अस्थाना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, पूर्व विधायक बलवीर सिंह डंडोतिया, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पार्षद, अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित बड़ी संख्या में जिले के कृषक उपस्थित थे।







कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि हम सबके लिये सौभाग्य का दिन है कि प्रधानमंत्री द्वारा मुरैना जिले के 2 लाख 9 हजार 302 कृषकों के खातों में 41 करोड़ 86 लाख 4 हजार रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित हुई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिये प्रयत्नरत है। इसके लिये प्रधानमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि खातों में डालने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर घर नल से जल पहुंचाने के लिये केन्द्र सरकार से 60 प्रतिशत और प्रदेश सरकार से 30 प्रतिशत का अनुदान इकट्ठा करके हर घर नल से जल पहुंचाने के लिये योजना बनाई, जिसका कार्य 90 प्रतिशत तक देश में पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना पर 58 हजार करोड़ रूपये की लागत आई है, ताकि माता, बहनों को घर पर ही टोंटी के माध्यम से जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना की राशि अभी 1250 रूपये की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। आने वाले समय में यह राशि और बढ़ाई जायेगी।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो, इसके लिये पीएम किसान और सीएम किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष 12 हजार रूपये की राशि खातों में सीधे हस्तांतरित की जा रही है। किसानों को खाद के लिये परेशान न होना पड़े, इसके लिये सस्ती दर पर खाद उपलब्ध कराया जाता रहा है। जबकि केन्द्र सरकार खाद की प्रति बोरी पर अतिरिक्त टेक्स जमा कर रही है। उन्होंने कहा कि डीएपी की मात्रा में थोड़ी कमी है, उसे शीघ्र पूरा किया जायेगा।

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसान को सम्मान निधि देने का कार्य किया है। इसका मतलब यह है कि केन्द्र सरकार ने किसान के आंसू पोछने का कार्य किया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों के हर दुख तकलीफ में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं का ध्यान रखते हुये रसोई गैस, स्वच्छता के क्षेत्र में घर-घर शौचालय, पीएम आवास, नल से जल के अलावा अन्य ऐसी अनेकों योजनायें चलाई है, जिससे लोगों के रहन-सहन में तेज़ी से परिवर्तन हो रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास चाहती है। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. योगेशपाल गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन श्याम सिकरवार द्वारा किया गया है।

# नूराबाद व अम्बाह पुलिस ने पकड़ी 45 पेटी अवैध शराब, आरोपी दबोचे, दो कार जप्त







-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं क्रय-विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह रवि सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अम्बाह पुलिस द्वारा 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 पेटी अवैध शराब एवं 01 कार कीमती करीबन तथा प्रभारी एसडीओपी बानमोर नितिन बघेल के मार्गदर्शन में थाना नूराबाद पुलिस द्वारा 30 पेटी अवैध शराब व 01 कार जप्त की गई।

दिनांक 04-05.10.2024 को नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान थाना अम्बाह पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बरेह रैमजा पर औचक चैकिंग लगाकर 03 आरोपियों को मय चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी07 जेडडी 0895 पकड़ कर तलाशी ली गई तो कार में 15 अवैध शराब (13 पेटी देशी मदिरा प्लेन व 2 पेटी देशी मदिरा मसाला) कीमती करीबन 75,000/- रूपये की रखी मिली। उक्त शराब के संबंध में वैध लायसेंस चाहा गया जो न होना बताया गया। आरोपीगण का उक्त कृत्य आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय होने से मौके से उक्त 15 पेटी अवैध शराब व रिनॉल्ट ट्राइबर कार क्रमांक एमपी07 जेडडी 0895 कुल मशरूका कीमती करीबन 9,75,000/- रूपये का जप्त कर 03 आरोपीगण के विरूद्ध थाना अम्बाह पर अपराध क्रमांक 591/24 धारा 34 (2). आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार दिनांक 04-05.10.2024 को नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान ही थाना नूराबाद पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर टेकरी तिराहे के पास औचक चैकिंग लगाकर एक सफेद रंग की मारूती रिट्ज कार क्रमांक DLSCH0811 को रोककर चैक किया तो कार में 27 पेटी मदिरा प्लेन शराब व 03 पेटी मदिरा मशाला शराब कुल 30 पेटी (270 बल्क लीटर) अवैध शराब कीमती करीबन 1,08,000/- रूपये की रखी मिली। कार का चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हुआ। मौके पर अवैध शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उक्त 30 पेटी अवैध शराब एवं शराब के परिवहन में प्रयुक्त मारूती रिट्ज कार क्रमांक DLSCH0811 कीमती 3,00,000/- रूपये को जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना नूराबाद पर अपराध क्रमांक 168/24 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मौके से फरार आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले के समस्त थानों में 31 स्थायी वारंटी, 104 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश के नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान के दिशा-निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भा.पु.से.) द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों को नाइट कॉम्बिंग गश्त आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त निर्देशों के तारतम्य में दिनांक 04.10.2024-05.10.2024 की मध्यरात्रि को मुरैना जिले के समस्त अनुभागों एवं थाना क्षेत्रों में 233 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में नाइट कॉम्बिंग गश्त आयोजित किया गया। संबंधित अनुविभागीय अधिकारीगण (पुलिस) द्वारा अपने-अपने अनुभाग क्षेत्रों में एवं संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नाइट कॉम्बिंग गश्त किया गया। यह कि मुरैना शहर में अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के द्वारा कॉम्बिंग गश्त किया गया।

समस्त थाना क्षेत्रों में आयोजित नाइट कॉम्बिंग गश्त में सम्मिलित कुल 07 राजपत्रित अधिकारियों एवं 226 अन्य अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्त के दौरान 31 स्थायी वारंटी, 104 गिरफ्तारी वारंटी, 01 ईनामी बदमाश, 299 जाफौ में फरार 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई साथ ही 39 जिलाबदर आरोपियों एवं 05 हिस्ट्रीशीट बदमाशों को भी चैक किया गया।

जिलाबदर बदमाशों की चैकिंग के दौरान थाना निरार पुलिस द्वारा 01 जिलाबदर बदमाश को जिले की सीमा में पाये जाने पर उसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 35/24 अंतर्गत धारा 223 बीएनएस पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय द्वारा जारी जेल वारंट के पालन में आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। साथ ही नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान अवैध शराब की तस्कारी करने वालों के विरूद्ध निम्नानुसार कार्यवाही की गई है

अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान थाना अम्बाह एवं थाना नूराबाद पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए जाकर 03 आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपीगण के कब्जे से क्रमशः 15 पेटी व 30 पेटी कुल 45 पेटी (405 लीटर) अवैध देशी शराब कीमती करीबन 1,83,000/- रूपये व 02 कार कीमती करीबन 12,00,000/- रूपये इस प्रकार कुल मशरूका कीमती करीबन 13,83,000/- (13 लाख 83 हजार) रूपये का जप्त किया गया।

नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन से आदतन अपराधियों व गुडे-बदमाशों में हडकंप देखने को मिला। पुलिस टीमों द्वारा शहर व के आरोपियों की चैकिंग की गई की जानकारी ली गई, चैंकिंग के देहात क्षेत्र की गली-मौहल्लों में घूमकर गुण्डों बदमाशों एवं जिलाबदर साथ ही गुण्डों एवं बदमाशों द्वारा वर्तमान समय में किये जा रहे कार्यों दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को यह चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन की कार्यवाही की गई है।

# डाबर का पुरा में तहसीलदार ने हटवाया अतिक्रमण



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** नंदपुरा ग्राम पंचायत के डाबर का पुरा में एक महिला के आशिक भूमि स्वामी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप सिंह तोमर के निर्देशन में प्रभारी तहसीलदार आशीष यशवाल ने डाबर का पुरा में रामकली पत्नी परशुराम सिकरवार की भूमि स्वामी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा आंशिक रूप से मकान बनाकर खूंटी लगाकर अवैध कब्जा कर लिया था, जिसकी शिकायत फरियादी ने एसडीएम प्रदीप सिंह तोमर से की थी। श्री तोमर ने प्रकरण में प्रभारी तहसीलदार आशीष यशवाल को अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश के पालन में तहसीलदार ने थाना प्रभारी देवगढ़ अरुण सिंह, राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र यादव को ले जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

# चंबल संभाग मुरैना का तृतीय सौपान स्काउट गाइड जांच शिविर सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय तृतीय सौपान स्काउट एवं गाइड जॉच शिविर दिनांक 30 सितंबर से 04 अक्टूबर 2024 तक शासकीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास गणेशपुरा मुरैना में डॉ. दीपक पांडे, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग चंबल मुरैना ग्वालियर के आदेश अनुसार किया गया। शिविर का सफल संचालन सुखदेव सिंह चौहान सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट चंबल संभाग मुरैना द्वारा किया गया ।

वरिष्ठ सहयोगी के रूप में वीर सिंह यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट जिला भिंड, मूलचंद गौड़, एएलटी स्काउट जिला संघ मुरैना, हरेंद्र कुमार दीक्षित ज्ञानोदय विद्यालय चंबल संभाग मुरैना, श्रीमती गौरी कुलश्रेष्ठ, प्रशांत सिंह कुशवाहा, एवं क्वार्टर मास्टर के कार्यों का दायित्व कुशलता



पूर्वक राम गोविंद त्यागी जिला संघ मुरैना द्वारा किया गया।

30 सितंबर को शिविर का दोपहर शुभारंभ हरीश तिवारी डीपीसी मुरैना एवं मुकेश शांडिल प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना की गरिमा में उपस्थिति में किया गया। उक्त जांच शिविर में प्रवेश से लेकर तृतीय सोपान तक के विषयों की जांच प्रशिक्षक दल द्वारा की गई। इस जाँच शिविर में सफल स्काउट गाइड अगले वर्ष राज्यपाल पुरस्कार के जांच शिविर में राज्य स्तर पर सम्मिलित होंगे और उसके पश्चात राज्यपाल पुरस्कार महामहिम राज्यपाल जी से प्राप्त करेंगे। 02 अक्टूबर को स्काउट गाइड यूनिट लीडर एवं संचालक मंडल द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन गांधी जी एवं शास्त्री जी की पावन जयंती के उपलक्ष में डॉ. विवेक राठी अध्यक्ष जिला संघ मुरैना एवं प्रसिद्ध समाजसेवी के मुख्य अतिथि में किया गया। तत्पश्चात स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रावास परिसर की साफ-सफाई की गई।

उक्त संभाग स्तरीय तृतीय सौपान स्काउट गाइड जांच शिविर के सफल आयोजन करने पर कलेक्टर अंकित अस्थाना, डॉ. दीपक पांडे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग चंबल मुरैना ग्वालियर, डॉ. विवेक राठी अध्यक्ष जिला संघ मुरैना, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट जिला मुरैना, जिला शिक्षा अधिकारी जिला भिंड जिला शिक्षा अधिकारी जिला श्योपुर, जिला सचिव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त आदि अधिकारियों पदाधिकारी ने बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं।

# आदिवासी समाज ने मनाई रानी दुर्गावती जयंती



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जयंती 05 अक्टूबर शनिवार को सिंगल बस्ती में बहादुर सिंह आदिवासी के निवास पर मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदिराम कोरकू कार्यालय अधीक्षक कलेक्ट्रेट मुरैना एवं बहादुर सिंह आदिवासी, रघुनाथ सिंह कोरकू, रूपचंद गौड़, दीपक आदिवासी, सोहनलाल आदिवासी, शशिकांत आदिवासी, नारायण आदिवासी, सूर्यप्रकाश आदिवासी, जयप्रकाश आदिवासी, गौतम आदिवासी, श्रीमती केशोदेवी, श्रीमती कंचन कोरकू सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# 08 अक्टूबर तक चलेगा प्रांतीय सेवा सप्ताह

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लॉयंस क्लब इंटरनेशनल का प्रांतीय सेवा सप्ताह दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक मुरैना में मनाया जा रहा है, जिसमें लाइंस क्लब के सभी सदस्य प्रति दिनांक तथा प्रत्येक क्लब अपनी-अपनी गतिविधियों की जिम्मेदारी के अनुसार कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में 05 अक्टूबर शनिवार को स्थानीय एसएएफ हॉस्पिटल में लॉयंस क्लब समन्वय द्वारा एक कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चेदानी में कैंसर के स्क्रीनिंग हेतु paps smear तथा मैमोग्राफी छाती में गांठ की जांच एवं बच्चेदानी में कैंसर के बचाव के लिए सर्वाइकल वैक्सीनेशन बीएमडी टेस्ट, हड्डी में कैल्शियम की जांच, डायबिटीज, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कमांडेंट मुख्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय एवं




डॉ. एसके गुप्ता विशेष रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रीजनल चेयरपर्सन रितु राठी, नीता बांदिल, लॉयन पं. जेपी शर्मा, सर्विस कोऑर्डिनेटर लॉयन राजेश बांदिल एवं लॉयंस क्लब समन्वय की अध्यक्ष डॉ. मीरा बांदिल, सचिव सपना मांडिल, कोषाध्यक्ष सुनीता बांदिल, रीजनल सेक्रेटरी लॉयन शालू अग्रवाल, रीजनल एडमिनिस्ट्रेटर मीना गुप्ता एवं अन्य सभी क्लब के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे। कैंप में डॉ. मीरा प्रेमी, सुधा माहेश्वरी, डॉ. अनुभा माहेश्वरी डॉ. शिवानी, दीप्ति गुप्ता एवं लॉयंस क्लब समन्वय के सभी सदस्य उपस्थित थे। डॉ. मीरा प्रेमी ने सर्वाइकल, रेखा गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, वीना गुप्ता, कल्पना चंदेल, पूनम, प्रीति मंडल, साधना गुप्ता, आरती कोठारी, अनीता गुप्ता, किरण गुप्ता कैंसर के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए बताया। कैंप में बीएमडी टेस्ट हड्डी में कैल्शियम की जांच के 195 मैमोग्राफी, 40 सर्वाइकल वैक्सीनेशन, सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन 50-50 पेप्स नियर कितनी हुई, 100 ब्लड शुगर, 200 और यूरिक एसिड 150 जाँचें हुईं डॉ. मीरा बांदिल अध्यक्ष, डॉ. मीरा बांदिल सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

# 83 दिव्यांग हितग्राहियों का मोटराइज ट्राईसाइकिल एवं अन्य उपकरण के लिये चिन्हांकन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा के मार्गदर्शन में एलिम्को कंपनी के सहयोग से दिव्यांगजनों को मोटराइज ट्राईसाइकिल के लिये चिन्हांकन शिविर का आयोजन शुक्रवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र व्हीआईपी रोड़ संजय कॉलोनी मुरैना में किया गया।

शिविर में 83 दिव्यांग हितग्राहियों का परीक्षण एलिम्को कंपनी के विशेषज्ञ स्वाति गोयल, विवेक कुमार द्वारा किया गया। जिनमें 83 मोटराइज ट्राईसाइकिल एवं अन्य उपकरण का चिन्हांकन किया गया। शिविर में डीडीआरसी कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# अग्रवाल युवा एकता संघ का अन्नकूट कार्यक्रम आज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल युवा एकता संघ के तत्वाधान में अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम आज 06 अक्टूबर को रखा गया है। अग्रवाल युवा एकता संघ के समाजसेवी युवाओं से मिली जानकारी के अनुसार अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष में 06 अक्टूबर श्याम 6:00 बजे से अग्रवाल धर्मशाला में अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। अग्रवाल युवा एकता संघ के द्वारा सभी समाज बंधुओं को अन्नकूट प्रसादी के कार्यक्रम में उपस्थित रहने की बात कही है।

# जहां आपके इष्ट या गुरू का अपमान हो वहां हमें नहीं जाना चाहिएः पं. संस्कार शास्त्री

## गणेशपुरा में चल रही भागवत कथा का तृतीय दिवस

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शहर के गणेशपुरा इलाके की गोस्वामी रोड पर 20वें नवदुर्गा महोत्सव के दौरान हो रहे श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पं. संस्कार शास्त्री महाराज वृंदावनधाम ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है, वहां आपके अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो।



कथावाचक पं. संस्कार शास्त्री ने शनिवार को कथा का वाचन करते हुए कहा कि जहां अपने गुरू, इष्ट के अपमान होने की आशंका हो उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए। फिर चाहे वह स्थान जन्मदाता पिता का ही घर क्यों न हो। सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए कथावाचक पं. संस्कार शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती को अपने पिता के घर जाने से अपमानित होना पड़ा और वे अग्निकुंड में कूद गई। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए पं. शास्त्री ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे बड़ा संकट टल गया। उन्होंने कहा कि परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। पं. संस्कार शास्त्री ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है, उसी के अनुरूप उसे मृत्यु का वरण होता है। भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित, अजामिल एवं प्रहलाद चरित्र का पं. शास्त्री ने विस्तार से वर्णन किया। आयोजन में परीक्षित की भूमिका में श्रीमती मीना अशोक डण्डौतिया मौजूद थे। शनिवार को कथा का रसपान करने के लिए बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पहुंचें थे।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज जौरा से कैलारस को जाने वाली मेमू ट्रेन को दिखायेंगे हरी झण्डी

## विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, कृषि मंत्री ऐदल सिंह व सांसद शिवमंगल सिंह रहेंगे मौजूद






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भारत सरकार के संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 06 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना, जौरा के भ्रमण पर रहकर कैलारस को जाने वाली मेमू ट्रैन को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया 06 अक्टूबर को प्रातः 9:45 बजे ग्वालियर से रवाना होकर पूर्वाह्न 11:45 पर जौरा पहुंचेंगे। जौरा पहुंचकर कैलारस के लिए जाने वाली मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री सिंधिया जौरा से मेमू ट्रेन में भटपुरा तक दोपहर 1.30 बजे पहुंचेगे। इस दौरान मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री ऐदल सिंह कंषाना और मुरैना श्योपुर के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर उनके साथ रहेंगे। श्री सिंधिया जौरा भटपुरा से दोपहर 1.30 रवाना होकर 2.30 बजे मुरैना कार द्वारा वापस आयेंगे। श्री सिंधिया मुरैना में हाउसिंग बोर्ड, गांधी कॉलोनी और मनोहर नगर गली नं 2 से होने के पश्चात् अपराहन 3.40 बजे मुरैना से ग्वालियर के लिए कार द्वारा प्रस्थान करेंगे।

# कांग्रेस में होने के बावजूद भी किया था आर्टिकल 370 हटाने का समर्थन: सिंधिया




## सबसे अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने वाले टॉप कार्यकर्ताओं को दी शाबाशी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने ग्वालियर प्रवास के दूसरे दिन पर ग्वालियर विधान सभा के भाजपा सदस्यता अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दृढ़ता से प्रेरित हो- उनके सपना को साकार कर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या राम जन्मभूमि पर राम लल्ला स्थापित हुए। सिंधिया ने यह भी बताया कि कांग्रेस में होने के बावजूद, 2019 में 370 हटने का समर्थन किया।

### ग्वालियर 6वें नंबर पर

बता दें की ग्वालियर विधान सभा देश की भाजपा सदस्यता में 6वे नंबर पर है। मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने इससे पहले नंबर पर लाने का आह्वान किया। एक-एक कार्यकर्ता 100 और सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा की यह मेरे कार्यकर्ता नहीं, यह सेनापति है।

मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा के सभी राजनीतिक दिग्गजों की मेहनत और कुर्बानी को किया याद।

उन्होंने इस अभियान का महत्व भाजपा के दिग्गजों को याद करके बताया । बोला की यह राजनीतिक दल नहीं, राष्ट्रवाद विचार धारा से जुड़ने का अभियान है।

### मिशन अंतोदय को बढ़ाने का किया आह्वान

पं. दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा एकात्म मानवता से प्रेरित हो, की एक-एक मज़बूत देश तब ही बन सकता है जब देश का आख़िरि वासी मज़बूत हो। मिशन अंत्योदय, प्रधानमंत्री के 'सबका साथ सबका विकास' यही सुनिश्चित करता है। यह राजनीतिक सोच नहीं, एक मनुष्य की मानवी विचार धारा का स्तोत्र है - जब जब भाजपा की सरकार बनी है, तब भारत मज़बूत भी हुआ है। हमें भी अपने जीवन काल में ऐसा काम करना होगा ताकि विकसित भारत का सपना, अपने अगली पीढ़ीयो का सपना पूरा करना होगा। आगे वाली पीढ़ी को प्रेरित करने की भी ज़िम्मेदारी दी।

### विकास की योजनायें

आज 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त में अनाज मिल रहा है, 10 साल में 3 करोड़ घर खड़े कर दिये, उससे लक्ष के प्रति अग्रसर हो रहे है जो 5 साल में 3 करोड़ घर और बनेंगे। 200 करोड़ कोरोना स्वदेशी टीके लगे और वैक्सीन निर्यात भी हुआ। 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने। 16 महीनों में ग्वालियर एयरपोर्ट तैयार, जिसमें ग्वालियर की संस्कृति और प्राचीनता दिखती है। मंत्री जो ने घोषित किया कि बाक़ी ग्वालियर को भी ऐसे बनाना है, इसके लिए 'मैं ना रुकूँगा, मै न थकूँगा, मैं ना झुकूँगा' जब तक ग्वालियर को भी राष्ट्र पटल पर एक नक्षत्र ना बना दें। अब अगले 25 वर्ष भरे के, 'टर्निंग पॉइंट'। विश्व में जब कोई संकट, तो भारत हमारा संकट मोचक। इस तीसरे टर्म में तीन गुना मेहनत, शक्ति और परिणाम।

# किसान भाई अपनी आय बढ़ाने के लिए फूड प्रोसेसिंग उद्योग को अपनायें: उद्यानिकी मंत्री कुशवाह

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि किसान भाइयों को उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा फूड प्रोसेसिंग इकाईयाँ स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाता है। किसान भाई सरकार से अनुदान लेकर फूड प्रोसेसिंग इकाईयाँ स्थापित कर सकते हैं। साथ ही अनुदान के आधार पर किसान छोटे, मध्यम और बड़े कोल्ड स्टोर भी स्थापित कर सकते हैं। इनमें किसान अपनी फसल सुरक्षित रखकर जब ऊँचे दाम हों, तब बेच सकते हैं। कृषि के साथ उद्यानिकी के माध्यम से कृषि को लाभ का धंधा आसानी से बनाया जा सकता है। उन्होंने यह बात ग्वालियर जिला पंचायत सभागार में



किसान सम्मान निधि राशि वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही।

उल्लेखनीय है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम से देश भर के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त सिंगल क्लिक के जरिए जारी की है। इसका वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण किया गया। जिसमें ग्वालियर जिले के एक लाख 5 हजार 988 किसानों के खातों कुल 21 करोड़ 19 लाख 76 हजार रूपए की धनराशि पहुँची है। कार्यक्रम में सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों का पुष्पाहारों से मंत्री श्री कुशवाह ने आत्मीय स्वागत किया तथा प्रमाण-पत्र व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। ग्वालियर जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना।

# पुलिस महानिदेशक द्वारा मुरैना में निर्मित 'दिशा लर्निंग सेंटर' का वर्चुअल लोकार्पण किया गया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना की मंशानुसार एवं पुलिस मुख्यालय, भोपाल की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पुलिस परिवार के बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं उनकी बेहतर पढ़ाई-लिखाई हेतु मध्यप्रदेश पुलिस की समस्त इकाईयों में दिशा लर्निंग सेन्टर स्थापित किये जाने संबंधी दिशा-निर्देश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी किए गए हैं। इसी क्रम में जिला पुलिस बल मुरैना के पुलिसकर्मियों के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण एवं करियर संबंधी मार्गदर्शन हेतु पुलिस लाईन मुरैना में दिशा लर्निंग सेन्टर दिनांक 12.09.2023 को स्थापित किया गया, जिसका वर्चुअल लोकार्पण 05 अक्टूबर को पुलिस महानिदेशक द्वारा किया गया।




लर्निंग सेंटर के वर्चुअल लोकार्पण उपरांत सुशान्त कुमार सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन द्वारा दिशा लर्निंग सेन्टर का भौतिक रूप से लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में कुमार सौरभ उप पुलिस महानिरीक्षक चम्बल रेंज मुरैना, समीर सौरभ पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना, डॉ. अरविन्द ठाकुर अति. पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना, कनक सिंह चौहान रक्षित निरीक्षक मुरैना, सूबेदार हरेन्द्र सिंह, सूबेदार गजेन्द्र सिंह परिहार एवं अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिशा लर्निंग सेन्टर के लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के 45 बच्चे मय परिवारजनों के सम्मिलित हुए। सभी को दिशा लर्निंग सेन्टर काफी पसंद आया व लर्निंग सेन्टर में रजिस्ट्रेशन कराने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गई। वर्तमान में दिशा लर्निंग सेन्टर मुरैना में पुलिस परिवारजनों के 18 छात्र एवं 08 छात्राएँ अध्ययनरत् हैं। दिशा लर्निंग सेंटर में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में से 01 विद्यार्थी का चयन एसएससी ट्रेडमेन के पद पर हुआ है, उक्त विद्यार्थी के चाचा जिला पुलिस बल मुरैना में आरक्षक के पद पर कार्यरत् है एवं 01 छात्रा का चयन म.प्र. पुलिस आरक्षक जीडी के पद पर हुआ है, उक्त छात्रा का पति जिला पुलिस बल मुरैना में पदस्थ होकर पुलिस लाईन में कार्यरत् है।

कार्यक्रम के अत में पुलिस महानिदेशक द्वारा कार्यक्रम में वर्चुअली जुडे पुलिस अधिकारियों को दिशा लर्निंग सेंटर के गुणवत्ता पूर्ण संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सभी पुलिस अधीक्षकों को बधाई देकर उनके द्वारा दिशा लर्निंग सेंटर में उपलब्ध कराई गयी। सुविधाओं के लिए तारीफ भी की गई। पुलिस महानिदेशक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को उक्त सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाकर अच्छे से पढ़ाई करने व उनके उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# हम सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे: सूर्यकुमार यादव

**- टीम में कुछ खिलाड़ी डेब्यू कर रहे, उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

**-संजय त्रिपाठी-**




ग्वालियर। टी-20 टीम में कुछ नये खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। सभी खिलाड़ी अपना काम करेंगे और अपने प्रदेश में जैसा खेलते है वैसा ही खेलेंगे तो टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। हम सीरीज एन्जाय करेंगे। इस सीरीज में कुछ खिलाड़ी डेब्यू कर रहे हैं और मुझे खिलाड़ियों और टीम को आगे लेकर जाना है। यह बात भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने भारत और बांग्लादेश के बीच शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के पहले मैच के शुरू होने से पहले शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहीं।

पत्रकारों से चर्चा करते हुये भारतीय टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने कहा कि इस सीरीज में कुछ युवा खिलाड़ी डेब्यू कर रहे हैं और तेज गेंदबाज मयंक यादव को भारतीय दल में शामिल किया गया है और मयंक तेज गेंदबाज है और आईपीएल में उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। संभवतः उसे मैच में शामिल किया जायेगा। यादव ने कहा कि मैंने रोहित भाई के साथ आईपीएल खेलता था और तब भी मैं अपना इनपुट देता था और मैंने कप्तान से बहुत कुछ सीखा है और वही सीख लेकर मैं टीम को आगे लेकर जाना चाहता हूं। ग्वालियर के स्टेडियम के बारे में पूछे गये सवाल पर भारतीय टीम के कप्तान ने कहा कि किसी भी ग्राउण्ड पर खेलना एक चैलेंज होता है। लेकिन हमने तीन दिन इस ग्राउण्ड पर प्रेक्टिस की है उससे पता चल गया है कि आउट फील्ड कैसी है और डयू फैक्टर कैसा रहेगा। उन्होंने कहा कि हम इस सीरीज को एन्जाय करेंगे और मुकाबला अच्छा होगा। बल्लेबाजों द्वारा गेंदबाजी किये जाने के पूछे गये सवाल पर यादव ने कहा कि हमारी टीम में कोई भी बल्लेबाज ऐसा नहीं है कि जो गेंदबाजी नहीं कर सकें और यदि कोई भी बल्लेबाज आवश्यकता करने पर एक दो ओवर अच्छे डाल देता है तो यह टीम के लिये अच्छी बात है। उन्होंने बताया कि टी-20 टीम में कुछ नये खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। सभी खिलाड़ी अपना काम करेंगे और अपने प्रदेश में जैसा खेलते है वैसा ही खेलेंगे तो टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि हमने पिछले टी-20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था और इस सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### भारत एक शक्तिशाली टीम: तौहिद ह्रदोय

ग्वालियर। भारत की एक शक्तिशाली टीम है और आईपीएल के बाद भारतीय टीम और मजबूत हो गई है। बांग्लादेश अपने परफोरमेंस पर निर्भर है। यह बात भारत बांग्लादेश सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले बांग्लादेश टीम के प्रमुख बल्लेबाज तौहिद ह्रदोय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहीं।

पत्रकारों से चर्चा करते हुये बांग्लादेश टीम के प्रमुख बल्लेबाज तौहिद ह्रदोय ने कहा कि ग्वालियर का विकेट नया है और हमे यह लगता है यह धीमा विकेट होगा। इसीलिये मैच में ज्यादा रन नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की एक शक्तिशाली टीम है और आईपीएल के बाद भारतीय टीम और मजबूत हो गई है। बांग्लादेश अपने परफोरमेंस पर निर्भर है। ह्रदोय ने कहा कि मुझे टीम में अलग अलग जगह खिलाया जाता है और टीम और कप्तान जहां मेरा उपयोग करेंगे मैं वहां बल्लेबाजी करूंगा।

# कड़ी सुरक्षा के मध्य आज होगा टी-20 मैच






**- आईजी, डीआईजी ने फाइनल रिहर्सल कर परखे सुरक्षा के इंतजाम**

**- पुलिस ने 22 स्थानों पर गाड़े तंबू, पुलिस तैनात**

ग्वालियर। भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले हाई वॉल्टेज मैच में किसी तरह की चूक ना हो इसके चलते पुलिस ने अपनी सुरक्षा तैयारियों को फाइनल रूप दे दिया। सुरक्षा में किसी तरह की चूक ना हो इसे परखने के लिए शनिवार को फाइनल रिहर्सल की गई और आईजी अरविन्द सक्सैना, डीआईजी अमित सांघी के साथ एसपी राकेश कुमार सगर ने जहां पर जो कमी दिखाई दी उसे दुरूस्त कराया। मैच में किसी तरह का व्यवधान ना आए और सुरक्षा में किसी तरह की चूक ना हो, इसके लिए पुलिस दोपहर बारह बजे से रात बारह बजे तक हाईअलर्ट मोड पर रहेगी और इस दौरान यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

गौरतलब है कि रविवार को भारत और बांग्लादेश के बीच टी-20 अंर्तराष्ट्रीय मैच शंकरपुर में नवनिर्मित कै. माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में होगा। मैच का समय आने से पहले ही पुलिस लगातार कसावट करती जा रही है और बगैर जांच के स्टेडियम के रास्ते से किसी को भी नहीं निकलने दिया जा रहा है। अभी तक पुलिस के पास करीब ढाई हजार के करीब जवान और अफसर आ गए हैं और शनिवार दोपहर दो बजे से अफसरों और जवानों को उनकी ड्यूटी समझा दी गई है। मैच शुरू होने से करीब सात घंटे पहले पुलिस अपना मोर्चा संभाल लेगी, जिससे व्यवस्था बिगड़ ना पाए और दर्शक आसानी से मैच देखने पहुंच सकें। जिन रास्तों से खिलाड़ी स्टेडियम जाएंगे और स्टेडियम के रास्ते पर पुलिस ने बाइस स्थानों पर अस्थायी टेंट लगाकर चेकिंग शुरू कर दी गई है। तंबू लगाने के पीछे पुलिस अधिकारियों का उद्देश्य है कि यहां पर तैनात जवान और अफसर अपना प्वाइंट नहीं छोड़ेंगे और थकावट होने और धूप से बचने के लिए जवान व अफसर तंबू में मौजूद कुर्सियों पर कुछ देर रिलेक्श भी कर सकते हैं। जिससे इन प्वाइंट पर तैनात जवान लगातार यहां पर तैनात रहे और जब तक उनका रिलीवर ना आए, वह प्वाइंट को नहीं छोडेंगे।

### जिधर नजर, उधर पुलिस ही पुलिस

मैच शुरू होने में अभी एक दिन का समय है, लेकिन पुलिस ने इस इलाके में अभेद सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं। स्टेडियम के आने और जाने के रास्ते पर बैरिकेड्स लगा दिए हैं और इस रास्ते पर हर जगह सिर्फ पुलिस जवान और अफसर नजर आते हैं, इक्का-दुक्का वाहनों को छोड़ दिया जाए तो पुलिस और प्रशासन के साथ ही स्टेडियम में तैयारियों को अंतिम रूप देने लगे कर्मचारियों के वाहन ही इस रास्ते पर दिखाई देते हैं।

# एमआईटीएस डीम्ड विश्व विद्यालय में यूनिवर्सिटी के चाँसलर श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नये छात्रों से किया संवाद

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** आज एमआईटीएस में विश्विद्यालय के चांसलर श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोसाइटी की मीटिंग ली। प्रेस को जारी विज्ञप्ति संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि मीटिंग के बाद संस्थान में नये जॉइन किए फैकल्टी को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने फैकल्टी को संबोधित करते हुए कहा कि डिजायर टू लर्न को अपनी आदत बनाये, छात्रों को ज़्यादा से ज़्यादा सवाल पूछने के लिए प्रेरित करें, भगवान से डरते हुए निर्भीक रहकर कार्य करें। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरके पंडित ने चांसलर का वेलकम करते हुए नये प्रवेशित छात्रों से इंटरेक्शन करवाया। तत्पश्चात् चांसलर श्रीमंत सिंधिया ने प्रथम वर्ष के छात्रों को संबोधित करते हुए एमआईटीएस डीम्ड विश्विद्यालय में आने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि हाल में ही यूनिवर्सिटी ने नये नॉलेज सेंटर एवं ऐकडेमिक ब्लॉक की स्थापना की है, नये लैब्स बनाये हैं, नये छात्रों के लिए नये करिकुलम एवं इवैल्यूएशन मेथोडोलॉजी विकसित की है। नये छात्र उनका उपयोग करें। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग एवं एजुकेशन के क्षेत्र में सिंधिया परिवार का शुरू से ही योगदान रहा है। सिंधिया परिवार ने हरसी बांध का निर्माण कराया, जो आज भी सबसे बड़ा रुरल डैम है। ये सिविल इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है। इसके बाद



उन्होंने छात्रों के बीच उतरकर सवालों का जवाब दिया। चांसलर ने नये हाई एंड टेक्नोलॉजी एवं विकसित लैब्स का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में सिंधिया इंजीनियरिंग कॉलेज सोसाइटी के सदस्य श्रीमंत महानआर्यमन सिंधिया, प्रशांत मेहता, वीरेन्द्र बापना एवं सचिव इंजीनियर रमेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# ऊर्जा मंत्री ने जौरा पहुंचकर देखीं मेमू ट्रेन की व्यवस्थाएं

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** आज 06 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा पहुंचकर कैलारस तक मेमू ट्रेन को चलाने की हरी झंडी दिखाएंगे। सिंधिया के द्वारा आगमन को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जौरा पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। जौरा से कैलारस तक मेमू




ट्रेन को आज 06 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जौरा पहुंचकर झंडी दिखाएंगे। सिंधिया के रविवार के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश की ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने 05 अक्टूबर को जौरा रेलवे स्टेशन पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। रविवार को सिंधिया 9:45 से ग्वालियर से मेमू ट्रेन में बैठकर 11:45 पर जौरा आएंगे। यहां से 1:00 बजे कैलारस के लिए मेमू ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना कर खुद भट्टपुरा तक बैठकर भी जाएंगे। ऊर्जा मंत्री के साथ व्यवस्था देखने आए भाजपा नेताओं में गिर्राज दंडोतिया, राकेश मावई, कैलाश मित्तल, रघुराज कंसाना, राजेंद्र शुक्ला, केशव पाराशर, मदन मोहन भारद्वाज सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

***शानदार स्वागत होगा***

आशुतोष शर्मा क्षेत्र के युवा सिंधिया समर्थक भाजपा नेता आशुतोष शर्मा का कहना है कि महाराज सिंधिया की दौरा स्टेशन पर आगमन के दौरान उनका भव्य स्वागत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता करेंगे।




स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित,
आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।